दिवाली व छठ पूजा को देखते हुए रेलवे चलाएगा 179 स्पेशल ट्रेनें

लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

फ्रांसीसी लेखिका एनी अर्नाक्स को वर्ष 2022 के साहित्य के नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है

वर्ष-58 › अंक -269 रायपुर शुक्रवार 07 अक्टूबर 2022, चैत्र शुक्ल एकादशी विक्रम संवत 2079 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन :C.G./RYP DN/71/2020-22

प्रधानमंत्री ने अपनी मैसुरु की यात्रा को किया याद

संस्कृति और विरासत संरक्षित

एजेंसी। गुरूवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मैसुरु दशहरा उत्सव के दृश्य साझा किए हैं साथ ही उन्होंने योगी दिवस के उपलक्ष्य पर मैसुरू में उपस्थित रहने का पल भी याद किया है। मैसूर के लोगों की अपनी संस्कृति और विरासत को सुंदर तरीके से संरक्षित करने की प्रतिबद्धता की सराहना की है।

एक नागरिक के ट्वीट का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा;

÷मैसुरु दशहरा शानदार है। मैं मैसूर के लोगों की उनकी संस्कृति और विरासत को इतनी खूबसूरती से संरक्षित करने के लिए सराहना करता हूं। मेरे पास अपनी मैसुरु यात्रा की यादें हैं, जो सबसे हाल ही में 2022 योग दिवस के दौरान हुई थी।÷

राजस्थान आए UP के सीएम योगी आदित्यनाथ बोले–

राम मंदिर का काम 50 फीसदी पूरा

एजेंसी। राजस्थान आए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम मंदिर का 50 फ ीसदी काम पूरा हो गया है। आदित्यनाथ गुरुवार को जयपुर के विराटनगर में आचार्य धर्मेंद्र के उत्तराधिकारी स्वामी सोमेंद्र की चादरपोशी कार्यक्रम में बोल रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आचार्य धर्मेंद्र का तेज छत्रपति शिवाजी जैसा प्रचंड था। उन्होंने देश की पुरानी और धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाया। आचार्य धर्मेंद्र ने विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में राम मंदिर आंदोलन को तेजी दी थी। उन्होंने 50 साल तक सांस्कृतिक आंदोलन में हिन्दू समाज को नेतृत्व दिया। आदित्यनाथ गुरुवार को आचार्य धर्मेंद्र के उत्तराधिकारी स्वामी सोमेंद्र की चादरपोशी कार्यक्रम में बोल रहे थे।

संत कर्म करते हैं, फ ल की चिंता नहीं करते - सीएम योगी ने कहा कि जब देश का विभाजन हुआ तो संतों की ओर से किए गए विरोध में इस पीठ की बड़ी भूमिका रही। संत कर्म करते हैं, फ्ल की चिंता नहीं करते। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाया है। राम मंदिर का काम 50 फीसदी पूरा हो चुका है। समर्थ गुरु रामदास की परंपरा को जिस तरह स्वामी विवेकानंद ने आगे बढ़ाया था, उसी तरह स्वामी सोमेंद्र अब आचार्य धर्मेंद्र की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

सीएम ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन 1949 से प्रारंभ होकर 1983 में रामजन्मभूमि समिति के गठन के साथ बढ़ता गया. देश में इस आंदोलन को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में संतों ने धार दी थी. लोग कहते थे कि कोई परिणाम नहीं आने वाला है. पर हम तो भगवान श्रीकृष्ण के ''कर्मण्येवाधिकारस्ते, मां फ्लेषु कदाचन'' के भाव पर विश्वास करते हैं. हम फ्ल की इच्छा नहीं, कर्म पर विश्वास करते हैं. संतों ने अपने आंदोलन से इसे साबित किया, इसलिए परिणाम आना ही था।

आचार्य सोमेंद्र की चादरपोशी कार्यक्रम में शामिल हुए यूपी के के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

जयपुर संवाददाता। विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य और पंचखंड पीठाधीश्वर स्व.आचार्य धर्मेंद्र की चादरपोशी के कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के प्रमुख संत शामिल हुए। जयपुर जिले के विराटनगर में आयोजित कार्यक्रम में स्व.आचार्य धर्मेंद्र के उत्तराधिकारी सोमेंद्र महाराज की चादरपोशी की गई।

विश्व के समावेशी विकास के लिये संघर्षो का बातचीत से समाधान होना चाहिए: लोकसभा अध्यक्ष

नयी दिल्ली। एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षवाद के महत्व को रेखांकित करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि विश्व के समावेशी विकास के लिए संघर्षों का आपसी बातचीत से समाधान होना चाहिए। बिरला ने कहा कि रूस-यूक्रेन संकट और कोविड-19 के कारण उत्पन्न अंतर्राष्ट्रीय अस्थिरता से विश्व के समक्ष खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा संकट पैदाहो गया है, ऐसे में उचित दर पर तथा सतत रूप से खाद्य एवं ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के 8वें शिखर सम्मेलन (पी 20) के दौरान प्रभावी संसद, जीवंत लोकतंत्र विषय पर अपने संबोधन में यह बात कही।

केजरीवाल सरकार पर भाजपा का तंज : जो चिल्लाते थे चोर-चोर आज खुद बन बैठे हैं महा-चोर: भाजपा

दिल्ली में बड़ा बिजली सब्सिडी घोटाला

नईदिल्ली,एजेंसी।

दिल्ली में भाजपा जबरदस्त तरीके से अरविंद केजरीवाल की सरकार के खिलाफ हमलावर है। भाजपा का दावा है कि बिजली सब्सिडी में दिल्ली में बड़ा घोटाला हुआ है। भाजपा की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया था।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम और हरीश खुराना मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता सैयद जफ्र इस्लाम में जबरदस्त तरीके से केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कसा। भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल कहते थे कि यह कंपनी चोर है, वह कंपनी चोर है। हम इन कंपनियों को बदल देंगे। लेकिन आज कौन सी मजबूरी है कि आप इन कंपनियों के साथ सांठगांठ करके खुद चोरी कर रहे हैं।

भाजपा ने साफ तौर पर कहा है कि केजरीवाल जी कहते थे चोरी रोकेंगे लेकिन आज खुद चोरी कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल सरकार ने अपने ही कैबिनेट के डिसीजन को अलग रखा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की ओर से ऑडिट नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि यह किसी को नहीं पता है कि कितने लोगों को फायदा हुआ है, कितने लोगों को सब्सिडी दी गई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को पता है क्योंकि वहां सभी के कमीशन गए हैं। उन्होंने दावा किया है कि चाहे वह शराब घोटाला हो, बस बटाला हो, सब में भी कमीशन खोरी करते हैं। उन्होंने कहा कि इसमें भी डिस्कॉम के साथ एक साथ सांठगांठ किया गया है और घोटाला हुआ है। ऑडिट कराने के बजाय ऑडिट नहीं किया गया।

सैयद जफ र इस्लाम ने कहा कि केजरीवाल जी के लिए कुछ पंक्तियां मैं कहता हूं- अपनी सुविधाओं के लिए हर बार रंग बदल लेता हूं, वोट के लिए ईमान बदल लेता हूं। मेरा नाम है केजरीवाल, बिजली बिल को छुपाने के लिए झूठ का चोला पहन लेता हूं। उन्होंने कहा कि 2013 में केजरीवाल जी चीख-चीख के कहते थे कि बिजली में जो प्राइवेट कंपनियां रिलायंस और टाटा की हैं वो चोर कंपनियां हैं, हम इन्हें बदलेंगे। केजरीवाल जी ऐसी कौन सी मजबूरी थी कि आप कहते थे कि चोरी को रोकेंगे और आज आप खुद चोरी कर रहे हैं।

वहीं, हरीश खुराना ने कहा कि 'आप' की सरकार जब आई थी तब केजरीवाल जी कहते थे कि हम दिल्ली के अंदर बिजली बिल माफ करेंगे और बिजली की दरें दिल्ली में सबसे कम होंगी। लेकिन साथ में ये भी बोलते थे कि ये जो दिल्ली के पावर डिस्कॉम हैं, वो सबसे बड़े चोर हैं।

गुजरात चुनाव के लिए भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों को सौंपी जिलों की कमान

एजेसी। गुजरात चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी पूरी कमर कस ली है। भाजपा के समक्ष गुजरात में सत्ता में वापसी करना एक बड़ी चुनौती है। पिछले 27 सालों से भाजपा लगातार गुजरात में सत्ता में बनी हुई है। अलग-अलग दिन गुजरात के अलग-अलग जिलों में केंद्रीय मंत्री जाएंगे और जिलों के हिसाब से रणनीति भी तय करेंगे। मीनाक्षी लेखी को जहां तापी भेजा गया है तो वही बीएल वर्मा खेड़ जिले में रहने वाले हैं। 7 अक्टूबर को 6 केंद्रीय मंत्री गुजरात में होंगे। पंचमहाल जिले में वीरेन कुमार होंगे। वही स्मृति ईरानी को आणंद जिले की जिम्मेदारी दी गई है। साध्वी निरंजन ज्योति अहमदाबाद में होंगी। अजय भट्ट अरावली में जबकि भूपेंद्र यादव अमरेली में रहेंगे। किरण रिजिजू के भावनगर जिले में कार्यक्रम है। ऐसे ही 8 नवंबर को 3 केंद्रीय मंत्री, 9 नवंबर को 2 और 10 नवंबर को 3 केंद्रीय मंत्री गुजरात में अलग-अलग जगह पर मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू के खिलाफ टिप्पणी पर कांग्रेस नेता उदित को NCW ने भेजा नोटिस

नयी दिल्ली। एजेंसी।

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेता उदित राज को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ उनकी ÷चापलूसी÷ वाली टिप्पणी पर तलब किया है। बृहस्पतिवार को जारी नोटिस में आयोग ने उन्हें 10 अक्टूबर को उसके सामने पेश होने और उनकी (कांग्रेस नेता की) ÷बेहद निंदनीय और शर्मनाक÷ टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण देने को कहा है।

हाल में एक समारोह में, मुर्मू ने कहा कि गुजरात देश में बनने वाले 76 प्रतिशत नमक का उत्पादन करता है। उन्होंने कहा, ÷कहा जा सकता है कि सभी देशवासी गुजरात का नमक खाते हैं।÷ भारत में नमक की खपत का करीब 80 प्रतिशत उत्पादन गुजरात में होता है।

उदित राज ने राष्ट्रपति मुर्मू पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया था, ''द्रौपदी मुर्मू जी जैसी राष्ट्रपति किसी देश को न मिलें।

चमचागिरी की भी हद है। कहती हैं कि70 प्रतिशत लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर जिंदगी जिएं तो पता लगेगा।'' अपने नोटिस में एनसीडब्ल्यू ने कहा कि आयोग ने उनकी टिप्पणी पर संज्ञान लिया है। महिला निकाय ने प्रेस के लिये जारी एक बयान में कहा, ÷बयान बेहद निंदनीय और शर्मनाक हैं। आयोग ने श्री उदित राज को एक नोटिस भेजा है।

एनसीडब्ल्यू ने एक सुनवाई तय की है और राज को 10 अक्टूबर, 2022 को अपराह्न तीन बजे आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा है।÷

ताइवान में चीन से निपटने की तैयारी : अमेरिका वेपन्स डिपो बनाने में जुटा

एजेंसी। अमेरिका ने अब ताइवान में चीन से निपटने की तैयारी बेहद तेजी से शुरू कर दी है। अमेरिकी रक्षा विभाग यानी पेंटागन के अफ सर ताइवान में हथियारों का जखीरा जुटा रहे हैं और इसके लिए बड़े-बड़े डिपो तैयार किए जा रहे हैं। यह जानकारी अमेरिकी अफसरों ने ही दी है।

जुलाई में ताइवान ने मिलिट्री एक्सरसाइज की थी। अमेरिका ने इसे बहुत बारीकी से मॉनिटर किया। इस दौरान उन बातों का खास तौर पर ध्यान रखा गया जो चीन के साथ जंग में भारी पड़ सकती हैं।

अमेरिकी मिलिट्री अफसरों के मुताबिक- अगर चीन किसी वक्त ताइवान पर हमला करता है और उसे घेर लेता है तो इन हालात में ताइवान की फौज के पास हथियार तब तक नहीं पहुंच सकते, जब तक अमेरिका या कोई दूसरा देश रिस्क लेकर इन्हें नहीं पहुंचाता।

आदिपुरुष को बैन करने की मांग : राम मंदिर अयोध्या के मुख्य पुजारी :कहा–

भगवान राम और रावण को गलत तरीके से दिखाया

एजेंसी।

फिल्म को तुरंत करें बैनटीजर रिलीज के बाद से ही प्रभास की फिल्म आदिपुरुष विवादों में है। सोशल मीडिया पर फिल्म के टीजर को लेकर जोरों-शोरों से विवाद चल रहा है। अब हाल ही में अयोध्या के राम मंदिर के मुख्य पुजारी ने भी आदिपुरुष पर नाराजगी जताते हुए फिल्म को तुरंत बैन करने की मांग की है।

क्यों की फिल्म को बैन करने की मांग? - राम मंदिर के मुख्य पुजारी सतेंद्र दास ने मीडिया से बातचीत में मेकर्स पर फिल्म में भगवान राम, रावण और हनुमान को गलत तरह से दिखाने का आरोप लगाया है। मुख्य पुजारी ने कहा- आदिपुरुष में जिस तरह से रावण को दिखाया गया है वो बिल्कुल गलत और निंदनीय है। हम इस फिल्म को तुरंत बैन करने की मांग करते हैं। आदिपुरुष रामायण का एडॉप्शन है। ओम राउत ने रामायण के किरदारों को गलत तरीके से दिखाया गया है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

भाजपा सांसद ने किया फिल्म का विरोध

भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह ने कहा- मुझे ऐसा लगता है कि फिल्म में जानबूझकर विवाद पैदा करने की कोशिश की गई है। फिल्में बनाना अपराध नहीं है, लेकिन लाइमलाइट पाने के लिए कॉन्ट्रोवर्सी नहीं करनी चाहिए।

दूसरे देशों से ईरान का टकराव करा रहा हिजाब विरोधी आंदोलन

एजेंसी। ईरान में हिजाब विरोधी आंदोलन ने सत्ता की जड़ें हिलाकर रख दी हैं। 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद उमड़ा आंदोलन आज केवल ईरान तक ही नहीं सीमित है बल्कि वैश्विक रूप ले चुका है। इस बात को लेकर कई देश ईरानी राजनयिकों को तलब भी कर चुके हैं। वहीं दूसरे देशों में हो रहे प्रदर्शन को लेकर ईरान भी राजनयिकों को तलब कर रहा है। ईरान ने दूसरी बार ब्रिटेन के राजदूत को समन भेजा है। ईरान का आरोप है कि ब्रिटेन में इस मुद्दे को गलत दिशा देने की कोशिश की जा रही है। ईरान का आरोप है कि उसके दुश्मन जैसे कि अमेरिका इस आंदोलन के पीछे खड़े हैं ताकि ईरान में अशांति हो सके। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं जिनमें महिलाएं अपना हिजाब उतारकर जला रही हैं और वे खामनेई के खिलाफ नारेबाजी भी कर रही हैं। वहीं रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ईरान प्रशासन ने कई शहरों में भारी पुलिस बल तैनात किया है। वहीं सरकार के लोगों का कहना है कि इस सरकार के गिरने का कोई चांस नहीं है। तेहरान के एक छात्र ने कहा, यहां विश्वविद्यालय में भी बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। हम तो विश्वविद्यालय परिसर छोड़कर जाने से डरते हैं। विश्वविद्यालय के बाहर बड़ी संख्या में वैन हमें गिरफ्तार करने के लिए इंतजार कर रही हैं।

बता दें कि ईरान ने ब्रिटेन के राजदूत को पहले भी तलब किया था। 24 सीतंबर को उन्हें समन भेजा गया था। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक बयान पर उनसे सफाई मांगी गई थी।

इसरों का प्रयास | 36 उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट में प्रक्षेपित करेगा

अपनी पहली कमर्शियल लॉन्चिंग करेगा इसरो

इस महीने अपनी पहली कमर्शियल लॉन्चिंग करेगा इसरो, 36 उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट में प्रक्षेपित करेगा

एजेंसी । बेंगलुरु।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने गुरुवार को जानकारी दी कि वह यूनाइटेड किंगडम के वैश्विक संचार नेटवर्क 'वन वेब' के 36 उपग्रहों को अपने सबसे भारी लॉन्चर LVMx या लॉन्च व्हीकल मार्क III के जरिए इस महीने के अंत में अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करेगा. 'वनवेब इंडिया-1 मिशन/एलवीएम3 एम2' के तहत होने वाला 36 उपग्रहों का यह प्रक्षेपण इसरो के LVMx की ग्लोबल कर्मिशियल लॉन्च सर्विस मार्केट में एंट्री कराएगा. इसरो के कर्मशियल आर्म 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' ने ब्रॉडबैंड संचार उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट में लॉन्च करने के लिए One Web के साथ 2 सर्विस कॉन्ट्रैक्ट साइन किए हैं।

इसरो ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा कि वह वन वेब के साथ अपने अनुबंध के तहत आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कंपनी के 36 उपग्रहों को LVMx द्वारा पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करेगा. इस लॉन्च के साथ, वनवेब अपने 'Gen 1 LEO ConstellationsÓ प्लान का 70 प्रतिशत से अधिक अचीव कर लेगा. कंपनी का यह प्रोजेक्ट गवर्नमेंट, बिजनेस और आम लोगों को हाई स्पीड कनेक्टिविटी सर्विस प्रदान करने के लिए है.

इसरो ने अपने ट्विटर हैंडल पर लॉन्च की तैयारियों के बारे में विवरण साझा किया, जिसमें बताया गया कि आने वाले दिनों में लॉन्च व्हीकल के क्रायोजेनिक अपर स्टेज का इंटीग्रेशन और 36 सैटेलाइट्स के साथ पेलोड फेयरिंग का इंटीग्रेशन पूरा होगा, जिससे यह प्रोजेक्ट अक्टूबर के तीसरे या चौथे सप्ताह तक लॉन्च के लिए तैयार होगा. वनवेब- 648 LEO उपग्रहों के एक समूह द्वारा संचालित वैश्विक संचार नेटवर्क है, जिसका मुख्यालय लंदन में है. फरवरी 2019 में इसकी स्थापना हुई थी. इसका उद्देश्य स्ध्रह उपग्रहों के एक समूह के माध्यम से दुनिया भर में हर जगह कनेक्टिविटी प्रदान करना है. भारती एयरटेल वन वेब की एक प्रमुख निवेशक और शेयरधारक कंपनी है।

केन्द्रीय कर्मचारियों को मोदी सरकार का तोहफा

एजेंसी।

केन्द्रीय कर्मचारियों के पांव इन दिनों सातवें आसमान पर हैं. क्योंकि बढ़े हुए डीए का नोटिफि केशन जारी हो चुका है. कुछ लोगों के मोबाइल पर मैसेज भी पहुंच चुका है. आपको बता दें कि विगत 28 सितंबर केन्द्रीय कैबिनट की बैठक में लगभग 1 करोड़ 12 लाख कर्मचारियों व पेंशनर्स के डीए बढोतरी पर मुहर लगी थी. कैबिनेट में हुए फैसले के मुताबिक 50 लाख कर्मचारी व 62 लाख पेंशनर्स को जुलाई से बढ़ा हुआ भत्ता देने का फैसला लिया गया था. जिसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है. सूत्रों का दावा है कि दिवाली से एक दम पहले भत्ता खातों में क्रेडिट कर दिया जाएगा।

तहसील स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन अवैध धान खरीदी बिक्री रोकने

कोरबा। संवाददाता। । उड़न दस्ता दल धान खरीदी केंद्रों में अन्य राज्यों के अवैध धान की आवक - विक्रय एवं कोचियों - बिचौलियों से अवैध धान खरीदी पर सतत निगरानी रखेगी। जिला खाद्य अधिकारी जे के सिंह ने बताया कि खरीफविपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि के दौरान अवांछित व्यक्तियों के द्वारा पंजीकृत किसान के धान के रकबे में खपाने - बेचने का प्रयास किया जा सकता है। अवांछित व्यक्तियों द्वारा अन्य राज्यों से धान लाकर प्रदेश के खरीदी केन्द्रों में खपाने के प्रयास किये जाने से धान खरीदी व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त गांव एवं शहरी इलाकों में कोचियों एवं बिचौलियों के द्वारा चिल्हर रूप से धान की खरीदी कर समिति में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में बेचने का प्रयास किये जाने की संभावना रहती है।इसलिए खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीदी केन्द्रो में अन्य राज्यों के अवैध धान की आवक /विकय के रोकने के लिए एवं कोचियों/बिचौलियों से अवैध धान खरीदी पर सतत् निगरानी रखने हेतु तहसील स्तर पर उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है।

कलेक्टर संजीव झा ने जिले में अवैध धान खरीदी बिक्री रोकने के लिए तहसील स्तर पर उड़न दस्ता दल का गठन किया है। उड़नदस्ता दल में जिले के तहसीलों के तहसीलदारों सहित नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी एवं कृषि

उपज मंडी के कर्मचारी को भी शामिल किया गया है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2022-23 में 10 अक्टूबर 2022 से 30 अप्रैल 2023 तक अन्य राज्यों से धान का आयात आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति की अनुमति से ही हो सकेगा। सुपर फाईन किस्म का धान जो 2500 रूपये प्रति क्विंटल से अधिक लागत का हो, के आयात के लिए आयुक्त खाद्य की अनुमति लेना आवश्यक नही है। परन्तु आयातक को धान आयात करने की सूचना जिला खाद्य अधिकारी / खाद्य नियंत्रक को देना होगा। मंडी अधिकारियों को धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व गाँव एवं शहरी इलाकों में चिल्हर रूप से धान खरीदी करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों का चिन्हांकन कर सूची जांच दल को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। इन कोचियों एवं बिचौलियों के द्वारा समिति में धान लाकर अन्य किसानों के पंजीयन में धान खपाने का प्रयास करने पर उनका वाहन एवं धान जप्ती कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए है। धान खरीदी में अवैध विक्रय, अवैध परिवहन, अवैध संग्रहण आदि संबंधी अनियमितता के प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए है, ताकि इस प्रकार की अनियमितता गतिविधियों पर रोक लग सके। मंडी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति कटघोरा को जांच दलों से संपर्क कर की गई कार्यवाही का संकलित जानकारी जिला खाद्य कार्यालय कोरबा को प्रतिदिन सायं 5.00 बजे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है, ताकि ऑनलाईन विभागीय वेबसाईड में प्रविष्टि की जा सके।

शक्ति के बल पर असुरों को नष्ट किया देवी ने : हितानंद

कोरबा (आरएनएस)। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 32 में दुर्गा पूजा, गरबा रास, वार्ड क्रमांक 15 ढोढ़ीपारा में नृत्य प्रतियोगिता वार्ड क्रमांक 22 शिवाजी नगर में गरबा रास, वार्ड क्रमांक 23 पंडित रवि शंकर शुक्ल नगर में गरबा रास में उपस्थित होकर पुरस्कार वितरण किया। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि हमें मानव जाति के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने और महामारी संकट को दूर करने के लिए भगवान को धन्यवाद देने की जरूरत है। श्री अग्रवाल ने कहा कि डांडिया बुराई को मिटाने के लिए अच्छाई का संघर्ष का प्रतीक है, जैसे दुर्गा मां ने अपने बल से भस्मासुर राक्षस को युद्ध करते हुए पछाड़ा उसी तरह दो स्टिक हाथों में लेकर नृत्य करते हैं, जिसमें हम अपने ही सदुणों से अपनी बुराइयों को दूर करते हैं। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता अजय दास वैष्णव, नितिन गुप्ता, बद्री अग्रवाल, दीपक गुप्ता, राजेंद्र तारक, श्रीमती राखी तारक, पूर्व पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, अविनाश गुप्ता, वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद अब्दुल रहमान, नंदकिशोर गोयल, गणेश्वर दुबे, उत्तम गोयल, अब्दुल सुल्तान, आशीष गोयल, अंचल अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद अनुज जायसवाल, वैभव शर्मा, रामकिशोर राठौर, नागेंद्र श्रीवास, आयुष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

एटेपाल मुठभेड़ की दंडाधिकारी जांच में 19 तक साक्ष्य आमंत्रित

दंतेवाड़ा, (आरएनएस)। जिले के कटेकल्याण विकासखण्ड अंतर्गत थाना कटेकल्याण क्षेत्र में 12 अगस्त 2022 को ग्राम एटेपाल, तेलम, टेटम के जंगल पहाड़ी में सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी 01 से कुल 20 का बल नक्सल उन्मूलन के लिए नक्सल गस्त सर्चिंग पर रवाना हुए। इस दौरान ग्राम एटेपाल व टेटम के बीच जंगल पहाड़ी को सर्च कर टेटम की ओर बढ़ रहे थे, कि पहाड़ी जंगल में करीब 15.30 बजे पूर्व से घात लगाकर नक्सलियों द्वारा पुलिस के जवानों पर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस के आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में नक्सली अपने को कमजोर पड़ता देख नक्सली जंगल पहाड़ी का आड़ लेकर भाग खड़े हुए। फायरिंग रुकने के पश्चात घटना स्थल का सर्चिंग करने पर एक पुरूष नक्सली मृत अवस्था मिला। शव की पहचान कोसा माड़वी पिता भीमा माड़वी पद कटेकल्याण एरिया कमेटी सदस्य के रूप में किया गया। घटना स्थल पर मृत नक्सली के शव के पास से

संभागायुक्त दुर्ग कावरे ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में किया औचक निरीक्षण

दुर्ग, (संवाददाता)। एक अक्टूबर को संभाग आयुक्त महादेव कावरे द्वारा आचार्य पंथ गृन्ध मुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए 11 अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

महाविद्यालय परिसर हो पूर्ण रूप से स्वच्छ :-

कावरे ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता नहीं बरतने पर बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं महाविद्यालय परिसर में अव्यवस्थित वाहन पार्किंग की व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त कावरे द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों से अध्ययन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिस पर विद्यार्थियों द्वारा अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित होना बताया गया। श्री कावरे द्वारा महाविद्यालय में लायब्रेरी एवं प्रयोगशाला के निरीक्षण के साथ महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों एवं कार्यों की व्यवस्था देखी गई, कावरे ने महाविद्यालय के प्राचार्य बीएस चौहान से विद्यार्थियों को प्रदान किए जा रहे स्कॉलरशिप की विस्तृत जानकारी ली, जिस पर प्राचार्य एवं संबंधित कर्मचारी द्वारा स्कॉलरशिप की समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई, कावरे ने विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने के स्पष्ट निर्देश दिए। महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा श्री प्रकाश कोरी, मनीष वर्मा तहसीलदार कवर्धा भी उपस्थित थे।

साप्ताहिक बाजार में पुलिस नाट्य मण्डली की जागरूकता प्रस्तुति

नक्सल विचारधारा से दूर रहने, क्षेत्र के विकास में सहयोग करने व पुनर्वास योजना के तहत आत्मसमर्पण कर सामान्य जीवन यापन करने किया प्रेरित

सुकमा,संवाददाता। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन पूना नर्कोम अभियान के तहत सुकमा पुलिस द्वारा पुलिस नाट्य मण्डली के माध्यम से ग्रामीणों के बीच जाकर नाच-गाने के माध्यम से ग्रामीणों को नक्सल विचारधारा से दूर रहने, अंदरूनी क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों में सहयोग करने, शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ लेने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गादीरास के साप्ताहिक बाजार में पुलिस नाट्य मंडली स्थानीय भाषा में ग्रामीणों के बीच प्रस्तुति दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को विकास कार्यों में शासन /प्रशासन का सहयोग करने तथा नक्सलियों के खोखली व विकास विरोधी विचारधारा से दूर रहने एवं समाज की मुख्याधारा से भटके परिवार के सदस्यों को आत्मसमर्पण कर शासन के पुनर्वास योजनाओं का लाभ लेकर सामान्य जीवन-यापन करने समझाईस दिया गया।

गौरतलब है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही, ग्रामीणों द्वारा सुंदर प्रस्तुति की प्रशंसा की एवं नक्सलवाद से दूर रहने का आश्वाशन दिया गया। पुलिस द्वारा अंदरूनी क्षेत्रों में किये जा रहे इस प्रकार के प्रयासों की ग्रामीणों द्वारा सराहना किया जा रहा हैं।

निजात अभियान के अंतर्गत सप्ताहिक बाजार जीलगा थाना श्यांग में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

कोरबा, (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री संतोष सिंह द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे निजात अभियान के अंतर्गत 02 सितंबर 2022 को सप्ताहिक बाजार जीलगा थाना श्यांग मे जाकर आम जनता को नारकोटिक एक्ट, ड्रग्स एवं अन्य नशीले पदार्थ से दूर रहने परिवार बच्चों एवं समाज को भी दूर रहने नशे से होने वाले नुकसान के संबंध में समझाइश जानकारी दिया गया। कोरबा पुलिस द्वारा शुरू किया गया निजात अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

मोटर सायकल चोरी करने वाला एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा, पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सुश्री लितेश सिंह' द्वारा पुराने लंबित अपराधों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में चौकी हरदीबाजार में लगातार पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

प्रार्थी महेन्द्र प्रताप यादव पिता रामकुमार यादव साकिन हरदीबाजार चौकी हरदीबाजार थाना कुसमुण्डा द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एजी 6766 को 04 सितंबर 21 के रात्रि में अपने घर के सामने खड़ा किया था जिसे कोई चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के अज्ञात चोर एवं चोरी गये मोटर सायकल का पता तलाश करने पर आरोपी दयाराम कुर्रे पिता मनीराम कुर्रे निवासी बलौदा से पूछताछ के दौरान मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एजी 6766 को महेन्द्र कुमार उर्फमहेन्द्रा साकिन भांवर थाना बलौदा के द्वारा चोरी किया जाना बताया था जिसके आधार पर आरोपी महेन्द्र उर्फमहेन्द्रा की पता तलाश की जा रही थी और महेंद्र कुमार लगभग 01 वर्ष से बलोदा से फरार था कि आज मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि महेंद्र कुमार गिरफ्तारी से बचने के लिए बिलासपुर में रहने लगा है सूचना मिलने पर दबिष्ठ देकर आरोपी महेन्द्र उर्फ महेन्द्रा निवासी भांवर, थाना बलौदा को पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर घटना दिनांक को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एजी 6766 को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना सबूत पाये जाने से 02 अक्टूबर 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा चौकी प्रभारी हरदीबाजार, प्रआर.ओमप्रकाष डिक्सेना, आरक्षक संजय चन्द्रा, आरक्षक प्रफुल्ल साहू, आरक्षक प्रवीण राजवाड़े, आरक्षक गौकरण श्याम, आरक्षक गौतम पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्वास्थ्य विभाग ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

सूरजपुर,। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के द्वारा सहमति एवं सामान्य प्रशासन विभाग नवा रायपुर, विशेष पिछड़ी जनजाति के पात्र युवाओं को उनकी पात्रतानुसार जिले में सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध भर्ती करने की स्वीकृति प्राप्त होने के फलस्वरूप तथा सामान्य प्रशासन के परिपत्र में निहित निर्देशों के अधीन जिला सूरजपुर के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त रिक्तियों के विरूद्ध पदों में भर्ती हेतु केवल सूरजपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजातियों के अभ्यार्थियों से प्रात्रतानुसार आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) के द्वारा आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के आधार पर जिले में रिक्तियों के विरूद्ध 03 वार्ड ब्वाय राजेन्द्र प्रसाद, प्रवीण कुमार पण्डों, दीपक कुमार एवं 01 वार्ड आया पूजा कुमारी को नियुक्ति आदेश 03 अक्टूबर 2022 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सूरजपुर छ.ग. डॉ. आर.एस. सिंह के द्वारा चयनित अभ्यार्थियों को दी गई है। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

सीएचएमओ ने की मलेरिया की समीक्षा

सूरजपुर, । संवाददाता। कलेक्टर इफ्फत आरा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह द्वारा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीप कुमार और व्ही.बी.डी. सलाहकार तथा व्ही.बी.डी. सुपरवाईजरों का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें जनवरी से लेकर अगस्त माह तक मलेरिया रक्त पट्टी जांच की जानकारी लिया गया, जिसमें लक्ष्य के विरूद्ध 80 प्रतिशत रक्त पट्टी तथा आर.डी. कीट के द्वारा जांच किया जा चुका है। अभी तक कुल 3 मलेरिया के मरीज पाए गये है, जिनका पूर्ण उपचार किया जा चुका है। इसी प्रकार 2 विकासखण्ड़ों में दोनों चरण के डी.डी.टी छिड़काव का कार्य पूर्ण हो चुका है। जनवरी से अभी तक सूरजपुर जिले में कुल 7 डेंगू मरीज पाये गये है। जिसमें 3 मरीज पॉजिटिव पाये गये हैं, तथा 4 मरीज अन्य जिलों से रिपोर्टिंग किया गया है। सभी मरीज के गांव में लार्वा नियंत्रण गतिविधि किया जा चुका है। सभी संस्थाओं में मलेरिया रोधी दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिले में कुल 132 हाईड्रोसिल

मरीज हैं जिसमें से 60 हाईड्रोसिल मरीज का जिला चिकित्सालय में सफलतापूर्वक ऑपरेशन कराया जा चुका है। शेष मरीजों का ऑपरेशन कराया जाना है। जिसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वा निर्देशित किया गया है कि सभी संभावित हाईड्रोसिल मरीजों को सी.एच.सी. स्तर पर स्क्रीननिंग एवं आवश्यक जांच कराने के उपरांत जिला चिकित्सालय भेज कर ऑपरेशन कराने हेतु निर्देश दिये गये हैं। जिले के 3 विकासखण्ड ओड़गी, प्रतापपुर, प्रेमनगर में मितानिनों के द्वारा घर-घर भ्रमण कर बुखार के संभावित मरीजों का आर.डी. कीट के द्वारा मलेरिया जांच करने के भी निर्देश दिये गये हैं। जिले में मलेरिया की स्थिति सामान्य है।

सांसद मद से प्रशिक्षण भवन के लिए 9 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिली

जगदलपुर,। बस्तर जिले के कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त वित्तीय अधिकार का प्रयोग करते हुए बस्तर सांसद दीपक बैज के द्वारा अनुशंसित एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग जगदलपुर, जिला बस्तर द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के आधार पर 09 लाख 93 हजार रुपए की लागत से ग्राम पंचायत पंडरीपानी-01 में निर्माण होने वाले प्रशिक्षण भवन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया है। ग्राम पंचायत पंडरीपानी-01 में प्रशिक्षण भवन निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जगदलपुर को नियुक्त किया है।

नुक्कड़ नाटक कला जत्था के माध्यम से मद्य-निषेध व नशा मुक्ति का आयोजन

दंतेवाड़ा, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य निषेध सप्ताह का आयोजन कराए जाने के निर्देश के अनुपालन में एवं जिला प्रशासन के सहयोग से 08 अक्टूबर तक जिले में मध्य निषेध एवं नशा मुक्ति के संबंध में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु विशेष पहल किया जा रहा है। जिसमें नुक्कड़ नाटक कला जत्था के माध्यम से जिले के सभी विकास खंडों के हाट बाजारों में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को नशा का दुष्परिणाम के विषय में बताकर जागरूक किया जा रहा है, इसके साथ ही जिले में लगभग तीन से चार हजार संकल्प एवं शपथ पत्र भरा या जाएगा। इस आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु उपसंचालक संतोष टोप्पो समाज कल्याण विभाग एवं उनकी पूरी टीम की ओर से विशेष पहल किया जा रहा है, उनके द्वारा सभी विकासखंडों के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से नशा मुक्ति के संबंध मे जन जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमलोगों की समस्याएं

बालोद, संवाददाता। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप आम लोगों की मांगो एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टोरेट बालोद में प्रत्येक कार्य दिवसों में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जनदर्शन कक्ष में पहुंचकर आम लोगों की मांगो एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम सिवनी निवासी गैंदलाल ने अपनी पुत्री कु. मिष्ठा के ईलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की मांग की। इसी तरह ग्राम ईरागुड़ा निवासी सेवकराम ने मोटर पंप के लिए विद्युत कनेक्शन प्रदान करने तथा ग्राम खैरतराई निवासी संतोष कुमार ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग की। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड ग्राम पंचायत गदबा के सरपंच श्रीमती संतोषी ठाकुर ने प्राथमिक शाला अतिरिक्त कक्ष निर्माण करने की मांग की। ग्राम परसाडीह के सरपंच ने परसाडीह में यात्री प्रतिक्षालय निर्माण करने तथा शिकारीपारा बालोद निवासी श्रीमती अन्नपूर्णा ठाकुर ने फैती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव मौजूद थे।

ई-जनचौपाल में 38 आवेदकों ने बताई कलेक्टर को अपनी समस्या

प्रकरणों के निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को दिये गये निर्देश

कांकेर संवाददाता। जिले में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के निवासी अपने विकासखण्ड के जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या से अवगत करा रहे हैं, जिनका विधिवत निराकरण भी किया जा रहा है।

आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने ग्रामीणों की समस्या सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विभिन्न विकासखण्डों से 38 लोगों ने अपनी समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया। अंतागढ़ विकासखण्ड के 01, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 04, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 01 विकासखण्ड और नरहरपुर विकासखण्ड के 04 आवेदकों द्वारा जनपद कार्यालय में स्थित वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर को अपनी समस्या बताई गई। इसके अलावा 28 लोगों ने ई-जनचौपाल में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया, जिसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। सभी विकासखण्डों के जनपद सीईओ, संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, अपर कलेक्टर अंतागढ़ चन्द्रकांत वर्मा और अपर कलेक्टर कांकेर एस.अहिरवार एवं जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल भी ई-जनचौपाल में वीडियो कान्फ्रेसिंग से जुड़े हुए थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजय दशमी उत्सव

संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयंसेवकों ने अक्टूबर 2022 को विजय दशमी उत्सव मनाया। संघ की स्थापना को 97 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस दिन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परम पवित्र भगवा ध्वज प्रणाम एवं विधिवत शस्त्र पूजन किया गया। संघ परंपरा अनुसार उत्सव के मुख्य अतिथि रमेश शर्मा जी थे जो की पेशे से अधिवक्ता हैं एवं रायगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। इस वर्ष मुख्य वक्ता के रूप में संघ के मध्य छेत्र के सह बौद्धिक प्रमुख नागेन्द्र वशिष्ट जी की उपस्थिति रही। साथ ही रायगढ़ के जिला संघचालक मा. डा. प्रकाश मिश्रा एवं नगर संघचालक मा. विनोद अग्रवाल जी भी उपस्थित रहे। इस अवसर में स्वयंसेवकों ने नगर के प्रमुख मार्गों में पथ संचलन किया एवं उनका नगर के लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। यह पथ संचलन उत्सव स्थल रामलीला मैदान से आरंभ हो कर विभिन्न मार्गों से होता हुआ रामलीला मैदान में समाप्त हुआ।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक संपन्न

बैठक में वर्ष 2022 -23 के भौतिक लक्ष्यों के अनुरूप चयनित कृषकों का हुआ अनुमोदन

कोरबा,। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा नूतन कंवर की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में राष्ट्रीय बागवानी मिशन की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2022 -23 के भौतिक लक्ष्यों के अनुरूप चयनित 959 कृषकों का बागवानी क्षेत्र विस्तार के लिए अनुदान हेतु अनुमोदन किया गया। योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति निश्चित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2022 -23 के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के घटक एवं उपघटकवार अनुमोदन किया गया। बैठक में सीईओ कंवर ने गोधन न्याय योजना के तहत जिले में निर्धारित 19 गोठानो को आदर्श बनाने के लिए चारागाहों में प्राथमिकता से जुताई करके सब्जी बाड़ी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के शत प्रतिशत गोठानो में मिट्टी परीक्षण के उपरांत, मिट्टी के अनुकूल सब्जी बाड़ी लगायी जाये, जिससे ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन हो सके। गोठानो में सब्जी बाड़ी लगाने हेतु उद्यानिकी विभाग और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के पीआरपी के सहयोग एवं समन्वय से कार्य किया जाये।

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का समापन, विजेताओं को मिले पुरस्कार

केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर की प्रदर्शनी में लोगों को दी गई केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी समापन पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर रहे मुख्य अतिथि, प्रतिभागियों का बढ़ाया उत्साह

रायपुर । संवाददाता। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा डोंगरगढ़ नवरात्रि मेला क्षेत्र में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 8 साल विषयक भव्य त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर निबंध, प्रश्नमंच, पोषण थाली, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता व गीत-संगीत, नृत्य का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में डोंगरगढ़ के 9 शिक्षण संस्थानों के 487 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले 36 प्रतिभागियों को मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर रहे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुरू किए गए लोक कल्याणकारी अभियान प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, गरीब कल्याण योजना, कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम की सराहना की। मुख्य अतिथि ने जनमानस को संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी और लोगों से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की।

केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर के प्रादेशिक कार्यालय प्रमुख शैलेष फाये ने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारंभ 28 सितंबर को राजनांदगांव जिले के सांसद संतोष पांडेय के हाथों हुआ था। इसके बाद तीन दिनों तक विविध प्रकार के आयोजनों से लोगों में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रसार किया गया और तीनों दिन स्थानीय लोगों के साथ साथ मेले में आने वाले दर्शनार्थियों ने भी प्रदर्शनी का लाभ लिया।

चित्रकला में केवी का दबदबा, निबंध व भाषण में स्वामी आत्मानंद विजेता

संपूर्ण स्वच्छता' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे

विनी महाजन, सचिव, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार

रायपुर। संवाददाता। स्वस्थ व्यवहार को लेकर एक बड़ा कदम उठाते हुए, हम अब 'संपूर्ण स्वच्छता' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।ओडीएफप्लस क्या है यह गांवों की ओडीएफस्थिति को बनाए रखने और इससे पैदा हुए ठोस व तरल कचरे के प्रबंधन के बारे में है। मुख्य रूप से तीन घटक हैं, अर्थात ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम), हितधारकों का क्षमता-निर्माण और सभी के लिए व्यवहार परिवर्तन संबंधी संचार। 2020 की शुरुआत में शुरू किए गए एसबीएम (जी) चरण द्वद्व का प्रमुख लक्ष्य 'ओडीएफप्लस' का दर्जा हासिल करना है।

भारत ने 2014 में अपनी अभूतपूर्व स्वच्छता यात्रा शुरू की, क्योंकि खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) राष्ट्र बनाने के लिए सुसंगत और ठोस प्रयास शुरू किए गए। दुनिया में सबसे बड़े व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम के रूप में माना जाने वाले स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) ने प्रत्येक भारतीय गांव को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित किया और महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती यानि 2 अक्टूबर 2019 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत ने श्रद्धांजलि के रूप में सभी के लिए शौचालय-सुविधा के साथ खुद को ओडीएफ घोषित किया। इसका प्रभाव सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों, आर्थिक और सामाजिक लाभों तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में दिखाई पड़ता है, जिनके माध्यम से बेहतर जीवन स्तर, महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों में वृद्धि और स्कूल में लड़कियों की बेहतर उपस्थिति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। स्वतंत्र अध्ययनों से पता चलता है कि ओडीएफ क्षेत्रों में डायरिया रोग से पीड़ित बच्चों की संख्या काफी कम थी और गैर-ओडीएफक्षेत्रों की तुलना में ओडीएफ क्षेत्रों के बच्चों में पोषण की स्थिति भी बेहतर थी।इस वर्ष हम एसबीएम के 8 वर्ष पूरे कर रहे हैं; तो प्रश्न उठता है कि ग्रामीण भारत में स्वच्छता आंदोलन के लिए आगे की योजना क्या है माननीय प्रधानमंत्री ने 2019 में ही स्पष्ट कर दिया था कि हम केवल अपनी प्रशंसा पर खुश नहीं हो सकते। हमें, एक देश के रूप में, मानव विकास के हर क्षेत्र में हमेशा सर्वश्रेष्ठ और अग्रणी बनने का प्रयास करना चाहिए। इसलिए, ओडीएफकी उपलब्धि के बाद भारत सरकार ने ओडीएफप्लस की यात्रा शुरू की, यानी ओडीएफस्थिति को बनाए रखना, यह सुनिश्चित करना कि कोई पीछे न छूट गया हो और ठोस व तरल कचरे के प्रबंधन की एक पर्यावरण-अनुकूल प्रणाली स्थापित करना। पिछले 2.5 वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, क्योंकि 1.14 लाख से अधिक गांवों ने अलग-अलग स्तरों पर खुद को ओडीएफप्लस घोषित किया है और ओडीएफप्लस बनने की अपनी यात्रा शुरू करने के क्रम में लगभग 3 लाख गांवों ने एसएलडब्ल्यूएम कार्य शुरू किए हैं। शौचालय निर्माण और उनके उपयोग से अलग, एसबीएम (जी) चरण द्वद्व राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एसएलडब्ल्यूएम से जुड़ी परिसंपत्तियों के निर्माण में सहायता कर रहा है, जैसे सामुदायिक खाद गड्ढे का निर्माण, सामुदायिक बायो-गैस संयंत्र, प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रह और छंटाई स्थान, गंदले पानी की सफाई के लिए जल सोखने वाले गड्ढे और इसका पुनः उपयोग, अपशिष्ट संग्रह और परिवहन वाहनों सहित मल प्रबंधन प्रणाली। अब तक, 77,141 गांवों और 90 ब्लॉकों ने 71 प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयों का निर्माण किया है। एक विशेष अभियान - सुजलम, को गंदले पानी के प्रबंधन के लिए लागू किया गया और पूरे ग्रामीण भारत में 22 लाख से अधिक जल सोखने वाले गड्ढों (सामुदायिक और घरेलू गड्ढे) का निर्माण किया गया।

संक्षिप्त खबरें

युवक पर धारदार हथियार से हमला, दो गिरफ्तार

रायपुर। संतोषी नगर तरूण बाजार के पास दो युवकों ने एक युवक से मारपीट कर नुकीली चीज से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार जोगीनगर पानी टंकी निवासी प्रार्थी मोहम्मद नफीस 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका भाई मोहम्मद सरीफखान 25 वर्ष एवं सहबाज खान लूडो खेल रहा था। तभी आरोपी साजन खान 22 वर्ष व एक अपचारी बालक उसके भाई के पास पहुंचे और भगाने लगे। जिससे दोनों ने खेलने को कहा तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट कर नुकीली चीज से मारकर प्राण घातक चोट पहुंचाया। जिससे सरीफ खान को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपी को धारा 307, 294, 506, 323, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

कर्ज के दबाव में महिला ने लगाई फांसी, दो खिलाफजुर्म दर्ज

रायपुर। कर्ज की रकम वापस मांगने से परेशान होकर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसमें डीडीनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने एक साल बाद दो लोगों के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी डीडीनगर निवासी मृतिका दुर्गा बाई पति विजय कुमार 45 वर्ष ने 4-5 अगस्त 2021 की दरम्यानी रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसमें डीडीनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि मृतिका ने आरोपी शशि बोदरा और अश्वनी चौबे के माध्यम से महिला समूह के सदस्यों से कर्ज में रकम ली थी। जिसे पटाने के लिए आरोपियों ने लगातार महिला पर दबाव बना रहे थे। जिससे तंग आकर महिला ने अपनी जान दी है। जिससे पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख की ठगी

रायपुर। सरकारी विभाग में चपरासी के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायतत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार छावनी भिलाई दुर्ग निवासी प्रार्थी जगजीत सिंह 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पप्पू सिवहरे ने उसे अपनी ऊपर की पहुंच बताते हुए सरकारी विभाग में चपरासी की नौकरी दिलाने की बात कहीं। जिससे प्रार्थी उसके झांसे में आ गया और फिर व्हीआईपी रोड माना स्थित द बर्न हाऊस कैफे में जाकर आरोपी को 2 लाख रुपए दे दिया।

ताश खेलने से मना करने पर युवक को पीटा

रायपुर। कुकुरबेड़ा सरस्वती नगर में ताश खेलने से मना करने पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार कुकुरबेड़ा सरस्वती नगर निवासी प्रार्थी सागर साहू 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया।

हर इंडस्ट्रियल पार्क में एक करोड़ रूपए की राशि से की जा रही है वर्किंग शेड और एप्रोच रोड के निर्माण

ग्रामीण युवा भी रीपा में लगा सकेंगे अपना उद्योग

रायपुर। संवाददाता। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना' का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए रोजगार और आय के साधन उपलब्ध कराने के लिए गांव के गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए यहां विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के स्वावलंबी और आत्मनिर्भर गांवों के सपने को साकार करने में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस योजना के माध्यम से गांवों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में मजबूती से कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि गांधी जी का मूलमंत्र है श्रम का सम्मान, इसके लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। राज्य सरकार व्यक्ति को केन्द्र में रखकर योजनाएं बना कर संचालित कर रही है। जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए। वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इसके लिए गौठानों में एक से तीन एकड़ भूमि में पार्क के लिए आरक्षित की गई है। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में दो गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार के बजट में इस योजना के लिए 600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। स्वीकृत सभी रूरल इंडस्ट्रियल पार्कों को एक-एक करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। इस राशि से इन पार्कों में वर्किंग शेड और एप्रोच रोड के निर्माण के साथ बिजली-पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ युवाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। सुराजी गांव योजना के तहत विकसित किए गए गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि और उद्यानिकी फसलों तथा लघु वनोपजों के प्रसंस्करण की इकाईयां स्थापित की जा रही है। साथ ही आटा-चक्की, दाल मिल, तेल मिल की स्थापना भी की जा रही है। इन गतिविधियों में ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और युवाओं को रोजगार के साथ आय के अच्छे साधन मिल रहे हैं। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी हो रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को इस योजना के लिए नोडल विभाग बनाया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के 'लोगो' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में गौठानों में तैयार किए गए उत्पादों का किट भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री निवास में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित कार्यक्रम में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिल भेंड़िया, संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय और विनोद सेवन लाल चंद्राकर, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राजे रामसुंदर दास, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, राजीव गांधी फाउंडेशन के सीईओ विजय महाजन और पर्यावरणविद् अशोक खोसला, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) से आत्मनिर्भर गांव का महात्मा गांधी का सपना पूरा होगा। गांधी जी ने ग्राम स्वराज की कल्पना की, उसे साकार करने के लिए हमारी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है, नरवा गरुवा घुरूवा बाड़ी योजना से उसी दिशा में कार्य हो रहा है। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, दीया बन रहा है, अब पेंट भी बन रहा है। बाड़ी योजना से महिलाएं स्वावलम्बी हो रही है, कुपोषण से भी लड़ने में बाड़ी योजना सहायक हो रही है। गौठान का स्वरूप अब बदल रहा है, रोजगार के लिए ट्रेनिंग देने का कार्य यहां होगा।

हर साल डेढ़ हजार बच्चे रोजगार के लिए तैयार हो रहे हैं

एजेंसी। दुर्ग में अकादमी केंद्र युवाओं को पांच कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान करता है, वे हैं इलेक्ट्रिकल और घरेलू उपकरण मरम्मत, बिक्री कौशल, प्रशीतन (रेफ्रीजरेटर) और एयर कंडीशनिंग मरम्मत, सेंट्रल एयर कंडीशनिंग और कार्यालय प्रशासन। इस केन्द्र की स्थापना 2015 में की गई। अपनी स्थापना के बाद से, केंद्र ने 9,604 से अधिक प्रशिक्षुओं को मुफ्त व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया है और युवाओं को 100 प्रतिशत प्लेसमेंट भी प्रदान किया है। इस वर्ष अकादमी के 166 छात्रों ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया और सफलतापूर्वक स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षण की अवधि तीन महीने है इन पाठ्यक्रमों के लिए पात्र होने के लिए, तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए कम से कम कक्षा 8वीं और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए कक्षा 10वीं पास करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओं की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

आईसीआईसीआई बैंक की छत्तीसगढ़ में 120 शाखाएं संचालित हैं। आईसीआईसीआई अकादमी ऑफ स्किल्स के अग्रणी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। आईसीआईसीआई एकेडमी फॉर स्किल्स के दुर्ग केंद्र ने 9,600 से अधिक युवाओं को मुफ्त व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया है। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को अकादमी की पहल से प्रतिष्ठित संगठनों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हुए हैं।

आज आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त 166 युवाओं को प्रमाण पत्र और नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

आईसीआईसीआई अकादमी दुर्ग में एसपीएलसीएस (स्टेट प्रोजेक्ट लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी) और आईसीआईसीआई फाउंडेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।दीक्षांत समारोह में आईसीआईसीआई बैंक के सुहासनायक और प्रवीण त्रिवेदी ने कहा कि युवाओं को मुफ्त नौकरी उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें हमारे उद्योग नेटवर्क और साझेदारी के माध्यम से रोजगार के अवसर खोजने में मदद की जा रही है। समावेशी विकास के लिए आईसीआईसीआई फाउंडेशन, आईसीआईसीआई समूह की सीएसआर शाखा, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ (आईसीआईसीआई फाउंडेशन) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास और सतत आजीविका, पर्यावरण संरक्षण, वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के क्षेत्रों में कार्य कर रही है।

सीएम विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लेने लोगों को जागरूक करने प्रदेशभर में रैली का आयोजन

स्कूली छात्रों ने सायकल रैली में बढ-चढ़कर निभाई भागीदारी

रायपुर। संवाददाता। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लेने लोगों को जागरूक करने आज गांधी जयंती पर प्रदेश भर में सायकल रैली का आयोजन किया गया। सभी जिलों के स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़कर रैली में भागीदारी निभाई।

प्रदेश में 23 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक चलाए जा रहे आयुष्मान पखवाड़ा के अंतर्गत आज सवेरे 10 बजे सभी जिलों में एक साथ इस रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन तकरीबन एक घंटे तक चला और अलग-अलग जिलों में तय समय पर इसका समापन हुआ। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया।

माना स्थित अस्थि बाधितार्थ बालगृह में आज दिव्यांग बच्चों के बीच आयुष्मान कार्ड पंजीयन के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने बेहद उत्साह से हिस्सा लिया। इस दौरान 80 दिव्यांग बच्चों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। इन दिव्यांग बच्चों ने अपने-अपने अंदाज में आमजनों से आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराने की अपील की। साथ ही रैली निकालकर जागरूकता की अपील की।

8 साल के दिव्यांग रूद्र ने भी सभी लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील कीमाना स्थित अस्थि बाधितार्थ बालगृह के आठ साल के दिव्यांग छात्र रूद्र ने सभी लोगों से अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की। उन्होंने खुद का आयुष्मान कार्ड बन जाने की भी जानकारी दी। रूद्र शारीरिक रूप से अक्षम है।

गौठानों आजीविका पार्क के रूप में विकसित होने से होगा बदलाव

ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार और आय का साधन

मुख्यमंत्री ने आजीविका पार्क का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया शिलान्यास

रायपुर। संवाददाता। मुंगेली जिले के 06 गौठानों को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) के रूप में विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय से राज्य के प्रत्येक विकासखंड के दो-दो गौठानों में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का (आजीविका पार्क) करने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, आदर्श कृषि उपज मंडी समिति मुंगेली के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल के सदस्य श्रीमती अम्बालिका साहू, संबंधित विभाग के अधिकारी और स्व सहायता समूह के सदस्य वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय शिलान्यास कार्यक्रम में जुड़े। गौरतलब है कि मुंगेली विकासखंड अंतर्गत ग्राम लिम्हा और संबलपुर के गौठान, लोरमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम चंदली व सांवतपुर के गौठान और पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिलतरा व धरदेई के गौठान को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित करने हेतु चिन्हांकित किया गया है।

गांव और ग्रामीणों के स्वावलंबन के लिए काम कर रहे

रायपुर।संवाददाता। इसलिए यह चरखा उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भेंट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम सुराज के उद्देश्यों पर ही आगे बढ़ते हुए काम कर रही है। बापू के सपनों को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ में निरंतर प्रयास हो रहे हैं। राज्य सरकार की नीतियों में गांवों को सुदृढ़ करना शामिल है।

वहीं छत्तीसगढ़ में गांवों के साथ ही गरीब, मजदूर, किसान, महिला, बच्चे और बुजुर्ग हर वर्ग को मजबूती एवं राहत देने के लिए काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर रायपुर के व्यवसायी मनोज कोठारी ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुलाकात की। मुख्यमंत्री को कोठारी ने इस मौके पर बड़े आत्मीय भाव से 65 साल पुराना गांधी चरखा भेंटकर उन्हें गांधी जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बापू की तस्वीर भी भेंट की। इस मौके पर कोठारी की पुत्री सुश्री श्रेया भी मौजूद थी। मुख्यमंत्री को चरखा सौंपते हुए व्यवसायी कोठारी ने बताया कि यह चरखा राजस्थान के उदयपुर के पास ग्राम फलौदी में 65 साल पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादा जीवन-उच्च विचार की भावना से प्रेरित एक कारीगर ने बनाया था। मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ में गांव और ग्रामीणों के स्वावलंबन के लिए काम कर रहे हैं।

जिले में प्रारंभ होगा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक

कांकेर। संवाददाता। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल गतिविधियों से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पहली बार छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन 06 अक्टूबर से किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के लिए जिन स्थानों पर आयोजन समितियों का गठन नहीं किया गया है, उन स्थानों पर 05 अक्टूबर से पहले सभी स्तरों के आयोजन समितियों का गठन कर लिया जावे। 06 अक्टूबर से छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया जायेगा, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली जावे। छःस्तरों में होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन का दायित्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय प्रशासन विकास विभाग को सौंपा गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा सभी स्तरों पर खेल मैदान, आयोजन स्थल का निर्धारण, आवश्यक खेल सामग्री, उपकरण, रेफरी, निर्णायक, प्राथमिक उपचार, पेयजल, साफ-सफाई एवं चलित शौचालय की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, नियमावली गाईडलाइन के आधार पर प्रत्येक स्तर पर रेफरी एवं निर्णायकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था और खेलों के आवेदन हेतु प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने, सभी स्तरों की प्रतियोगिताओं के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया गया हैं।छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की मार्गदर्शिका और कार्ययोजना के तहत् खेल प्रतियोगितायें 02 श्रेणियों में होंगी, इसमें खेल विधाओं के अनुसार दलीय एवं एकल श्रेणी निर्धारित की गई है। दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी एवं बॉटी (कंचा) जैसे छत्तीसगढ़िया खेल विधाऐं शामिल हैं। इसी प्रकार एकल श्रेणी में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन छः चरण पर होगा। इसके अनुसार पहले स्तर पर ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र स्तर पर राजीव युवा मितान क्लब में खेलों का आयोजन नाक आउट पद्धति से होगा, जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर 454 एवं नगरीय स्तर 17 इस प्रकार 471 राजीव युवा मितान क्लब के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएँ, ग्रामीण एवं शहरी आमजन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर 06 से 11 अक्टूबर के मध्य प्रतियोगितायें संपन्न कराया जायेगा। दूसरे स्तर पर (8 राजीव युवा मितान क्लब क्लब को मिलाकर 1 जोन बनाया गया है) खेलों का आयोजन 15 से 20 अक्टूबर के मध्य सम्पन्न कराया जायेगा।

संपादकीय

सनातन का अपमान क्यों सहेगा हिंदुस्तान

हाल ही में प्रदर्शित आदिपुरुष फिल्म का टीज़र अपने कॉन्टेन्ट के लिए कम एवं अपने इफ़ेक्ट्स के लिए विवादों के केंद्र में है। क्या दर्शक, क्या नेता, सभी इस फिल्म के ट्रीटमेंट से क्रोधित हैं। उदाहरण के लिए 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' के टीजर पर विवाद जारी है। फिल्म में भगवान राम, हनुमान और रावण के गलत चित्रण को लेकर इस पर तत्काल बैन लगाने की मांग की गई है। ऐसे में अयोध्या के राम मंदिर के प्रमुख पुजारी सत्येन्द्र दास ने बुधवार को कहा कि भगवान राम, हनुमान और रावण का चित्रण महाकाव्य के अनुसार नहीं है। ये फिल्म उनकी गरिमा के खिलाफ है। मुख्य पुजारी ने आगे कहा कि फिल्म बनाना कोई अपराध नहीं है, परंतु केवल सुर्खियों में लाने के लिए और जानबूझकर विवाद पैदा करने के लिए नहीं बनाया जाना चाहिए।

यही नहीं, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी इस टीजर की निंदा की है। उन्होंने कहा कि हिंदू देवी-देवताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाठक ने कहा, ÷संतों ने जो कुछ भी कहा है, उस पर ध्यान देने की जरूरत है। फिल्मों ने अक्सर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। जब भी हमारी संस्कृति पर हमला हुआ, इन्हीं संतों और अखाड़ों ने हमारी संस्कृति को बचाया है। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है।÷

इससे पूर्व भाजपा प्रवक्ता एवं चर्चित अभिनेत्री मालविका अविनाश ने रावण के चित्रण को लेकर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था, ÷मैं इस बात से दुखी हूं कि निर्देशक ने रामायण को लेकर कोई शोध नहीं किया। वाल्मीकि की रामायण, कम्बा रामायण या तुलसीदास की रामायण को लेकर की गई कई व्याख्याएँ हैं, जो पूरी दुनिया में उपलब्ध हैं। वे रामायण का सुंदर चित्रण करते हैं। कम से कम वे हमारे देश में पहले से बनी फिल्मों पर तो शोध कर ही सकते थे।' अविनाश ने कहा, ÷टीजर में दिखाई देने वाला रावण मुझे भारतीय नहीं दिखता। वह नीली आँखों वाला, चमड़े की जैकेट पहने हुए है। रचनात्मक और स्वतंत्रता की आड़ में ये हमारे इतिहास को इस तरह से पेश नहीं कर सकते।÷

वहीं पर रामानंद सागर के रामायण में सीता जी की भूमिका से सबको अभिभूत करने वाली दीपिका चिखलिया ने इस फिल्म के स्पेशल इफ़ेक्ट्स पर प्रश्न उठाते हुए कहा, ÷मैंने आदिपुरुष का बिल्कुल टीजर देखा है। मुझे लगता है कि रामायण की कहानी एक सच्चाई है और इसे VFX से जोड़ना सही नहीं लगा। यह मेरे निजी विचार हैं। लोग कह रहे हैं कि फिल्म में हनुमान जी ने लेदर पहना है, लेकिन टीजर में मुझे कुछ साफ नजर नहीं आया। लेकिन अगर ऐसा है तो मुझे लगता है कि वाल्मिकी जी और तुलसी जी ने जिस सच्चाई के साथ रामायण को लिखा है, उससे छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। मुझे लगता है हमे इसे संभाल कर रखना चाहिए, क्योंकि यह देश की धरोहर है।÷

वैसे ये बात भी गलत नहीं है। जब से आदिपुरुष का टीज़र प्रदर्शित हुआ है, क्रोधित जनता ने पुनः रामानंद सागर के रामायण को स्मरण किया है, और कई लोगों ने तो युगो साको के बहुचर्चित, एनिमेटेड संस्करण को भी स्मरण किया है, जो दुर्भाग्यवश भारत में 1993 में प्रदर्शित नहीं हो पाई थी।

सन् 1983 में जापानी फिल्ममेकर यूगो साको पहली बार भारत आए। यहां उन्हें रामायण की कहानी के बारे में पता चला। उन्हें कहानी इतनी पसंद आई कि उन्होंने इस पर और रिसर्च करनी शुरू कर दी। उन्होंने जापानी में रामायण के 10 अलग-अलग वर्जन तक पढ़ डाले। तभी उन्हें इस पर फिल्म बनाने की ख्वाहिश हुई।

नीचे दिये क्यू आर कोड को अपने मोबाईल से स्कैन कर देखें व सुने वीडियों

सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

कांग्रेस : फिर चक्का जाम

वेद प्रताप वैदिक

मल्लिकार्जुन खडगे अब कांग्रेस के अध्यक्ष बनेंगे, यह तो तय ही है। यदि अशोक गहलोत बन जाते तो कुछ कहा नहीं जा सकता था कि कांग्रेस का क्या होता? गहलोत को राजस्थान के कांग्रेसी विधायकों के प्रचंड समर्थन ने महानायक का रूप दे दिया था लेकिन गहलोत भी गजब के चतुर नेता हैं, जिन्होंने दिल्ली आकर सोनिया गांधी का गुस्सा ठंडा कर दिया। उन्हें अध्यक्ष की खाई में कूदने से तो मुक्ति मिली ही, उनका मुख्यमंत्री पद अभी तक तो बरकरार ही लग रहा है।अध्यक्ष बनने के बाद खडगे की भी हिम्मत नहीं पड़ेगी कि वे गहलोत पर हाथ डालें। गहलोत और कांग्रेस के कई असंतुष्ट नेता भी उम्मीदवारी का फार्म भरने वाले खडगे के साथ-साथ पहुंच गए। याने समस्त संतुष्ट और असंतुष्ट नेताओं ने अपनी स्वामिभक्ति प्रदर्शित करने में कोई संकोच नहीं किया। यह ठीक है कि शशि थरुर और त्रिपाठी ने भी अध्यक्ष के चुनाव का फार्म भरा है लेकिन सबको पता है कि इनकी हालत वही होगी जो, 2000 में जितेंद्रप्रसाद की हुई थी।उन्होंने सोनिया गांधी के विरुद्ध कांग्रेस-अध्यक्ष का चुनाव लड़ा था। उन जैसा शशि थरुर का भी हाल होने वाला है। हालांकि उन्होंने पहले दिग्विजयसिंह, अशोक गहलोत और अब खडगे के बारे में बहुत ही गरिमामय ढंग से बात की है। 22 साल बाद होने वाले इस चुनाव से क्या कांग्रेस के हालात कुछ बदलेंगे? क्या यह डूबता हुआ सूरज फिर ऊपर उठ पाएगा? यह जाम हुआ चक्का क्या फिर चल पाएगा? कुछ भी कहना कठिन है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी पर माँ-बेटा राज तो अब भी पहले की तरह जोर से चलता रहेगा।हालांकि खडगे अनुभवी और सुसंयत नेता हैं और उन्हें कर्नाटक की विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा में रहने के अनेक अवसर मिले हैं लेकिन कर्नाटक के बाहर उन्हें कौन जानता है? आम जनता की बात तो अलग है, कांग्रेसी कार्यकर्त्ता भी उन्हें ठीक से नहीं जानते। यह ठीक है कि जगजीवन राम के बाद वे ही पहले दलित हैं, जो कांग्रेस अध्यक्ष बनेंगे।लेकिन नरेंद्र मोदी ने पहले रामनाथ कोविंद और अब द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर पहले ही नहले पर दहला मार रखा है। कांग्रेस का भाग्योदय अगर होता है तो वह नौकर-चाकरों के भरोसे नहीं हो सकता। उसके मालिकों को गर्व होना चाहिए कि उन्हें ऐसी बगावत नहीं देखनी पड़ रही है, जैसी इंदिरा गांधी ने देखी थी। मालिकों के इस दावे पर कौन भरोसा कर रहा है कि वे अध्यक्ष के इस चुनाव में निष्पक्ष हैं?माँ-बेटे को खुशी होनी चाहिए कि जिन वरिष्ठ नेताओं ने बगावत की बांग लगाई थी, वे भी उनके आगे अब दुम हिला रहे हैं। इस अध्यक्षीय चुनाव से कांग्रेस के पुनरोदय की जो आशा बनी थी, वह धूमिल हो चुकी है। जब तक कांग्रेस के पास नरेंद्र मोदी का वैकल्पिक नेता और नीति नहीं होगी, वह इसी तरह लडखड़ाती रहेगी और भारतीय लोकतंत्र और कांग्रेस का यह दुर्भाग्य होगा कि वह लडखड़ाते-लडखड़ाते कहीं धराशायी ही न हो जाए। **यह निजी विचार हैं।**

तपस्या से श्रेष्ठ दान

महाराज युधिष्ठिर ने एक दिन ऋषि व्यास से पूछा, 'हे महामुनि! दान और तपस्या में किसका फल अधिक सुखद है?' व्यास ने कहा, राजन! दान से बढ़कर श्रेष्ठ कार्य कोई नहीं। कष्ट से कमाए धन का ही दान सर्वश्रेष्ठ है। शुद्ध भाव से सुपात्र को थोड़ा दान भी अनंत फलदायी है।' 'हे मुनि श्रेष्ठ, वह कैसे?' वेद व्यास ने कहा, 'हे राजन! महर्षि मुद्गल ने एक द्रोण (साढ़े पंद्रह सेर) धान का शुद्ध भाव से दान कर अमर पद प्राप्त किया था। मुद्गल भिक्षाटन से पंद्रह दिन में एक द्रोण धान एकत्र करते थे और उसी से यज्ञ करते थे। लेकिन ऋषि दुर्वासा को प्रत्येक अमावस्या और पूर्णिमा पर दान देने के कारण वे परिवार सहित भूखे रह जाते थे। ऋषि दुर्वासा ने मुद्गल की दान महिमा से प्रसन्न होकर कहा, हे ऋषि इंद्रिय विजय! धैर्य, दान और दया तुम में पूर्णरूप से विद्यमान है। तुमने अपने शुभ दान कर्म से सभी लोकों को जीत लिया है। इसके बाद देवदूतों ने जब ऋषि मुद्गल से स्वर्ग चलने का आग्रह किया तो उन्होंने देवदूतों से पूछा, स्वर्ग में क्या है? देवदूतों ने कहा, वहां हर प्रकार की सुख-सुविधा है। किंतु स्वर्ग में नया शुभ कर्म नहीं किया जा सकता। ऐश्वर्य का समय भी शुभ कर्मों के फल समाप्त होने पर एक दिन अवश्य समाप्त होगा- यह सोच महर्षि मुद्गल ने जन कल्याण के हेतु स्वर्ग जाने से भी इनकार कर दिया।'

-प्रस्तुति : मुकेश शर्मा यह निजी विचार हैं।

आर्थिक असमानता एवं संघ की चिन्ता के मायने

ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश की समस्याओं पर निरन्तर नजर रखता रहा है। गरीबी, महंगाई, अभाव, शिक्षा, चिकित्सा, सेवा और बेरोजगारी आदि क्षेत्रों में उसकी दखल से देश में व्यापक सकारात्मक बदलाव होते हुए देखे गये हैं। संघ की दृष्टि में आजादी के 75 साल बाद भी गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी अगर देश के प्रमुख मुद्दे बन कर छाए रहें, तो यह चिंता की बात होनी ही चाहिए। इस चिन्ता को महसूस करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के एक कार्यक्रम में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संघ का आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के सरकार के दौरान इन समस्याओं के बरकरार रहने पर चिन्ता जताई।

दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि 23 करोड़ लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। देश के बड़े हिस्से को आज भी साफ पानी और दो समय के भोजन के लिए संघर्ष करना पड़ता है। निश्चित ही होसबाले का उद्बोधन देश की समस्याओं पर एक तटस्थ एवं निष्पक्ष सोच देने का माध्यम बना है। इससे देश को समस्यामुक्त बनाने की दिशा में एक नया मोड़ मिलेगा। संघ का राष्ट्रीय समस्याओं पर दृष्टिकोण स्पष्ट है, यह एक दिशासूचक बना है, गिरजे पर लगा दिशा-सूचक नहीं, यह तो जिधर की हवा होती है उधर ही घूम जाता है। यह कुतुबनुमा है, जो हर स्थिति में सही दिशा एवं दृष्टि को उजागर करता रहा है और रहेगा।

विभिन्न जाति, धर्म, भाषा, वर्ग के लोगों का एक साथ रहना और उनका समस्यामुक्त जीवन जीना ही भारतीय लोकतंत्र का सौन्दर्य है, राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते इस सौन्दर्य को नुकसान पहुंचाना राष्ट्रीय विकास को खंडित करता है। विपक्षी दल देश की बुनियादी समस्याओं एवं ज्वलंत मुद्दों को अक्सर सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते आए हैं। जबकि विपक्षी दलों को इन समस्याओं के समाधान के लिये सरकार का सहयोग करते हुए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। सत्ता को हथियाने की स्पर्धा होना अस्वाभाविक नहीं है पर स्पर्धा के वातावरण में जैसे-तैसे बहुमत और सत्ता पाने की दौड़ में राष्ट्रीय विकास के मुद्दों को नजरअंदाज करना कैसे औचित्यपूर्ण हो सकता है? निश्चित रूप से ÷सिस्टम÷ की रोग मुक्ति एवं विकास की राजनीति ही स्वस्थ समाज का आधार होगा। राष्ट्रीय चरित्र एवं सामाजिक चरित्र निर्माण के लिए व्यक्ति को आचार संहिता से बांधना ही होगा। दो राहगीर एक बार एक दिशा की ओर जा रहे थे। एक ने पगडंडी को अपना माध्यम बनाया, दूसरे ने बीहड़, उबड़-खाबड़ रास्ता चुना। जब दोनों लक्ष्य तक पहुंचे तो पहला मुस्कुरा रहा था और दूसरा दर्द से कराह रहा था, लहूलुहान था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश का मुस्कुराता हुआ विकास चाहता है। तभी होसबाले ने आर्थिक असमानता पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि एक फीसदी लोगों के पास देश की 20 फीसदी आय का हिस्सा है, जबकि 50 फीसदी आबादी के पास आय का 13 फीसदी हिस्सा ही आता है। सवाल यह महत्त्वपूर्ण नहीं है कि यह बात होसबाले ने कही। अहम यह है कि तमाम दावों के बावजूद देश में ऐसे हालात हैं। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लेकिन, क्या संसाधन सभी लोगों तक समान रूप से पहुंच पा रहे हैं? अगर नहीं तो क्या इस पर विचार नहीं किया जाना चाहिए? एक ओर चंद उद्योगपतियों की पूंजी साल भर में दोगुनी हो जाए या चंद उद्योगपति रातोंरात सर्वोच्च आर्थिक शिखर पर पहुंचा जाये इसमें कहीं-ना-कहीं सरकार की भूमिका है। दूसरी ओर देश की बड़ी आबादी भोजन, पानी और दूसरी सामान्य सुविधाओं के लिए संघर्ष करती रहे, यह सरकार की नाकामी है। हकीकत तो यह है कि वित्त, उद्योग और श्रम मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्टों के आधार पर देश की प्रगति का सही मूल्यांकन नहीं किया जा सकता।

गरीबी भारत की आर्थिक प्रगति पर एक बदनुमा दाग है। दत्तात्रेय होसबाले ने गरीबी दूर करने के लिये संकल्पबद्ध होने की आवश्यकता व्यक्त करते हुए कहा भी कि पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है। कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। संघ और होसबाले देश के आर्थिक हालात और यहां के आम आदमी की परेशानी समझ रहे हैं। शायद इसीलिए उन्होंने गरीबी और बेरोजगारी की तुलना राक्षस से करते हुए इनका वध करने की अपील की। दशहरा पर्व पर बुराइयों का वध करने की परंपरा है। गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के लिए सरकारें कुछ नए कदम उठाएं, तो देश की जनता को राहत मिल सकती है, तभी भारत सशक्त हो सकता है, विश्वगुरु का दर्जा हासिल कर सकता है। संघ किसी का प्रतिस्पर्धी नहीं है, बल्कि धर्म व राष्ट्र के उत्थान हेतु कार्यरत विभिन्न संगठनों, संस्थाओं व व्यक्तियों का सहयोगी एवं समवाय है। संघ को पूर्वाग्रह एवं संकीर्ण नजरिये से देखने वाले लोगों से सावधान रहना होगा।

स्वावलंबन का शंखनाद कार्यक्रम में दत्तात्रेय ने कहा कि पूर्व की सरकारों की गलत आर्थिक नीति के कारण गांवों से शहरों की ओर पलायन होने लगा। गांव खाली होते गए। शहरों की स्थिति खराब होती गई परंतु वर्तमान सरकार ने स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर भारत की बात कही है। प्रश्न है कि इस तरह चलाई जा रही सार्थक सरकारी योजनाओं से लोगों को गुमराह करना क्या उचित है? सरकार को चाहिए कि वह लघु उद्योग, हस्तशिल्प, कृषि, खाद्यान्न, आयुर्वेद की दवा आदि क्षेत्रों में गांवों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिये नवाचार का प्रयोग करें, नये-नये उपक्रम करें। स्थानीय कौशल को पुनर्जीवित करते हुए स्थानीय स्तर पर योजनाएं बनानी चाहिए। 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियान कोरी घोषणा नहीं, बल्कि यथार्थ धरातल पर उतरती हुई दिखनी चाहिए। ताकि युवाओं की चेतना निस्तेज न हो, भारतीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सके। किसानों को उपज के उचित दाम मिलने का मुद्दा हो या उनकी उपज के लिए प्रसंस्करण इकाइयां लगाने की बात हो, सरकारी वादों के मुताबिक जितना काम हुआ है वह 'ऊंट के मुंह में जीरा' जैसे ही है। किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने और उचित दाम पाने के लिए आज भी पहले जैसी ही जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कहीं ज्यादा तो कहीं कम। इसलिये सरकार को अपनी घोषित योजनाओं को जमीन पर उतारनी ही चाहिए।

अभी हमने चाहे रावण जलाया हो, अब चाहे दीप जलाऐंगें, पर मेरा ध्यान देश में उफान ले रही बेरोजगारी, गरीबी एवं महंगाई की ज्वाला से एक मिनट भी नहीं हटता। रावण उस समय दस सिर वाला था। आज हजार सिर हो गए हैं, सिर नहीं मुंह, सिर में तो दिमाग भी होता है। जितने दिमाग उतने तर्क, समाधान एक भी नहीं। बेरोजगारी एवं युवाओं में जीवन-निर्वाह को लेकर पनप रहा संकट एक बड़ी समस्या है। यह तो निश्चित है कि देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से स्वदेशी जागरण मंच के संयोजकत्व में स्वावलंबन का शंखनाद अभियान एक नई सोच से आगे बढ़ रहा है। देश से बेरोजगारी दूर करने के लिए इसकी शुरुआत की गई है। इसके तहत वर्ष 2030 तक देश से गरीबी समाप्त करने के लक्ष्य को लेकर काम शुरू किया गया है। आनेवाले 25 वर्षों यानी स्वतंत्रता के 100 वर्ष होने पर विश्व के श्रेष्ठ राष्ट्रों में भारत को स्थापित करना है तो हमें इन पर विजय पाना ही होगा। यह तभी संभव है जब लोगों की मानसिकता बदलते हुए स्वरोजगार के प्रति उन्हें प्रेरित करें। अब समय आ गया है कि विपक्षी दल आंखों से पट्टी हटाए और बुनियादी समस्याओं के निवारण के लिये सार्थक पहल करें। संघ सिर्फ राष्ट्रवाद के लिए काम करता है। राजनीति स्वयंसेवकों का काम नहीं है। संघ जोड़ने एवं भारत को सुदृढ़ करने का काम करता है, जबकि राजनीति तोड़ने का हथियार बन जाती है। राजनीति की वजह से ही आज भी देश में गरीबी, बेरोजगारी, साम्प्रदायिकता, मंहगाई जैसी समस्याएं हैं। विडम्बनापूर्ण है कि अपने देश में इस तरह की सीधी-सच्ची एवं विकास की बात पर भी सस्ती राजनीति की जा रही है।

यह निजी विचार है।

अब तक के राजनीतिक जीवन में गहलोत की कभी ऐसी फजीहत नहीं हुई थी

रमेश सर्राफधमोरा ।

अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटाने के विरोध में धारीवाल के आवास पर उपस्थित सभी विधायकों के विधायक पद से इस्तीफों पर हस्ताक्षर करवा कर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के आवास पर जाकर इस्तीफे उनको सौंप दिए गए।

राजस्थान कांग्रेस में चल रहे राजनीतिक घमासान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस आलाकमान के निशाने पर आ गए हैं। उनके अपने चहेते नेताओं द्वारा करवाई गई फजीहत के चलते गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से लिखित में माफी मांगनी पड़ी। इसके साथ ही सोनिया गांधी के आवास के बाहर आकर मीडिया के समक्ष भी उन्हें बार-बार माफी मांगने की बात दोहरानी पड़ी। ऐसी स्थिति का सामना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपने पचास साल के राजनीतिक कॅरियर में शायद ही कभी करना पड़ा हो।

कुछ समय पहले तक तो मुख्यमंत्री गहलोत कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे थे। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस आलाकमान में सर्वसम्मति बन चुकी थी। वहीं एकाएक घटनाचक्र इतनी तेजी से घूमा कि कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तो दूर अब तो उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी भी खतरे में पड़ी नजर आने लगी है। गहलोत समर्थकों ने राजस्थान में जो खेल किया उससे कांग्रेस आलाकमान ही नहीं अन्य सभी लोग भी हक्के बक्के रह गए। किसी को भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सत्ता के लिए ऐसा खेल करने की अपेक्षा नहीं थी।

मुख्यमंत्री गहलोत पिछले दो साल से लगातार कहते थे कि मेरा इस्तीफा हमेशा मेरी जेब में पड़ा रहता है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जब भी कहेंगी तुरंत उनको सौंप दूंगा। मगर कांग्रेस अध्यक्ष के कहने से पहले ही गहलोत ने ऐसा राजनीतिक ड्रामा कर दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की भी एक बार तो बोलती ही बंद हो गई थी। जब गहलोत को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा रहा था तो उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री के पद का भी साथ ही निर्वहन कर लूंगा। मगर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने गहलोत को उदयपुर में संपन्न हुए चिंतन शिविर में लिए गए 'एक व्यक्ति एक पद' के प्रस्ताव का स्मरण कराते हुए उन्हें मुख्यमंत्री का पद छोड़ने की बात याद दिला दी। मुख्यमंत्री पद छोड़ने की बात आने पर गहलोत राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने में आनाकानी करने लगे। मगर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी उन्हें अपना सबसे विश्वस्त मानकर अध्यक्ष बनाना चाहती थीं। ऐसे में गहलोत के समक्ष अध्यक्ष बनने के लिए स्वीकृति देने के अलावा और कोई रास्ता नहीं था। अनमने मन से ही सही अंततः उन्होंने अध्यक्ष बनने के लिए हां कर दी थी।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का मानना था कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नामांकन फार्म भरने से पहले गहलोत मुख्यमंत्री पद छोड़ कर 'एक व्यक्ति एक पद' के नियम की पालना कर पार्टी जन के समक्ष एक नायाब उदाहरण प्रस्तुत करें। इस बाबत सोनिया गांधी की गहलोत से बात भी हो गई थी। गहलोत की सहमति से ही उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता मल्लिकार्जुन खड़गे व राजस्थान के प्रभारी महासचिव अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर जयपुर भेजा था। ताकि वो सभी विधायकों से व्यक्तिगत रायशुमारी कर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर फैसला छोड़ने का एक लाइन का प्रस्ताव पास करवायें।

इस बाबत मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस विधायक दल की बैठक का भी आयोजन किया गया था। जिस दिन कांग्रेस पर्यवेक्षकों को जयपुर आना था, उसी दिन सुबह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को लेकर जैसलमेर स्थित तनोट माता के मंदिर में दर्शन करने के लिए रवाना हो गए और वहां से शाम को वापस लौटे। दोपहर को जब दिल्ली से कांग्रेस के दोनों पर्यवेक्षक खड़गे व माकन जयपुर हवाई अड्डे पर उतरे तो उनके स्वागत के लिए कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता उपस्थित नहीं था। यहां तक कि प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा की अनुपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस का कोई वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, राजस्थान सरकार का कोई भी मंत्री, विधायक, जयपुर का मेयर, जिला प्रमुख, प्रधान, पार्षद तक हवाई अड्डे पर उपस्थित नहीं था।

उसी दिन शाम सात बजे मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस विधायक दल के 108 सदस्य व पार्टी को बाहर से समर्थन दे रहे तेरह निर्दलीय विधायकों को विधायक दल की मीटिंग में आमंत्रित किया गया था। मगर उसी दौरान एक खेला हो गया। संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल, जलदाय मंत्री व मुख्य सचेतक महेश जोशी व राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने मिलकर एक चाल चली व सभी विधायकों को फोन कर मुख्यमंत्री आवास के बजाय शांति धारीवाल के आवास पर बुला लिया। संसदीय कार्य मंत्री धारीवाल, मुख्य सचेतक महेश जोशी द्वारा फोन करने के कारण 25 मंत्रियों सहित 70-80 विधायक धारीवाल के आवास पर पहुंच गए। जहां धारीवाल, जोशी व राठौड़ ने सभी विधायकों को मुख्यमंत्री आवास पर बुलाई गई विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करने को तैयार कर लिया।

अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटाने के विरोध में धारीवाल के आवास पर उपस्थित सभी विधायकों के विधायक पद से इस्तीफों पर हस्ताक्षर करवा कर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के आवास पर जाकर इस्तीफे उनको सौंप दिए गए। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों पर्यवेक्षक, मुख्यमंत्री गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित करीब तीन दर्जन विधायको के साथ अन्य विधायकों के मीटिंग में आने का इंतजार करते रहे मगर कोई भी विधायक वहां नहीं आया। देर रात्रि को पर्यवेक्षक भी होटल लौट गए। देर रात्रि में मंत्री शान्ति धारीवाल, महेश जोशी और प्रताप सिंह खाचरियावास विधायकों के प्रतिनिधि बनकर पर्यवेक्षकों से मिले व कहा कि हम सचिन पायलट व उनके गुट के विधायकों के अलावा किसी को भी मुख्यमंत्री बनाना स्वीकार कर सकते हैं।

इस पर पर्यवेक्षकों ने उनसे कहा कि हम सभी विधायकों से वन टू वन मिलकर उनकी राय जान लेते हैं। फिर प्रस्ताव पास कराकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को दे देंगे। मगर धारीवाल, जोशी व खाचरियावास ने विधायकों से व्यक्तिगत ना मिलकर ग्रुप में मिलने के लिए दबाव डाला। जिस पर पर्यवेक्षकों ने असहमति व्यक्त कर दी और बिना विधायकों से मिले ही दिल्ली चले गए। दिल्ली जाकर उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरे घटनाक्रम की विस्तृत लिखित रिपोर्ट दे दी।

जब पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट सोनिया गांधी को मिली तो उन्होंने जयपुर में हुये घटनाक्रम पर बहुत नाराजगी व्यक्त की। मीडिया में लगातार खबरें आने से पूरे देश में कांग्रेस की किरकिरी हो रही थी। स्थिति बिगड़ती देख मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी घबरा गए और उन्होंने दिल्ली में अपने समर्थक कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क कर मदद मांगी। घटना के दो दिन बाद उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलकर अपनी सफाई दी। इसी दौरान कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा शान्ति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

इसी दौरान राजस्थान में कांग्रेस के नेताओं द्वारा एक दूसरे पर हल्के स्तर की भाषा में बयानबाजी की जाने लगी थी। जिसको रोकने के लिए कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को सोनिया गांधी के निर्देश पर बयानबाजी करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का एक आदेश निकालना पड़ा। जिसके बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा मीडिया में की जा रही आपसी बयानबाजी पर रोक लग पायी।

चर्चा है कि अब एक बार फिर नए सिरे से केंद्रीय पर्यवेक्षक जयपुर आकर सभी विधायकों से वन टू वन बातचीत करेंगे। फिर एक लाइन का प्रस्ताव पास करवा कर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर फैसला छोड़ा जायेगा। उसके बाद सोनिया गांधी इस बात का फैसला करेगी कि राजस्थान में गहलोत ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे या उनके स्थान पर किसी अन्य को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। तब तक राजस्थान में राजनीतिक सस्पेंस बरकरार रहेगा।

यह निजी विचार है।

स्वच्छता सारथी समारोह 2022 में देश भर से स्वच्छता सारथी सदस्य शामिल हुए

लोकशक्ति।पीआईबी,

दो दिवसीय 'स्वच्छता सारथी समारोह' 30 सितंबर और 1 अक्टूबर 2022 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली में आयोजित किया गया। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय के 'अपशिष्ट से धन प्राप्ति' मिशन के स्वच्छता सारथी फेलोशिप (एसएसएफ) के पहले वर्ष के पूरे होने पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

आईआईटी दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, सदस्यों (फेलो) द्वारा पिछले एक साल के कार्यों को पोस्टर /प्रोटोटाइप /पेपर/ प्रस्तुतियों /उत्पादों के माध्यम से प्रदर्शनी में दिखाया गया। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय में वैज्ञानिक सचिव ने प्रदर्शनी बूथों को देखने के क्रम में सदस्यों के साथ बातचीत की।

प्रदर्शनी के अलावा, छात्रों के लिए विभिन्न सत्र और कार्यशालाएं भी आयोजित की गई, जिसमें श्रेणी ए सदस्यों (फेलो) के लिए फील्डस्कोप माइक्रोस्कोपी कार्यशाला और श्रेणी बी और सी सदस्यों (फेलो) के लिए कार्बन क्रेडिट और सतत भविष्य पर एक सत्र शामिल थे।

कार्यक्रम के दूसरे दिन, सभी एसएसएफ के लिए नेहरू तारामंडल और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय के भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके बाद समापन समारोह का आयोजन हुआ, जहां आई.टी.सी. लिमिटेड के वेलबीइंग आउट ऑफ वेस्ट (वाव) कार्यक्रम के संचालन प्रमुख श्री विजय कुमार ने 21 सदस्यों (फेलो) में से प्रत्येक को 5000 रुपये की फेलोशिप राशि से सम्मानित किया और एक साथी को ÷वाव÷ कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर भी दिया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा के प्रोफेसर डॉ. भगवान सिंह चौधरी, समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि थे और उन्होंने विशेष रूप से भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय को विभिन्न आयु समूहों, विभिन्न राज्यों के सदस्यों (फेलो) के ऐसे समूह को एक प्लेटफार्म पर लाने के लिए धन्यवाद दिया, जहाँ वे एक-दूसरे से बहुत कुछ सीख सकते हैं।

समापन समारोह के दौरान, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के सलाहकार/वैज्ञानिक 'जी' डॉ. मनोरंजन मोहंती ने पिछले वर्ष के दौरान किए गए अद्भुत कार्यों और अपशिष्ट का पुनः उपयोग, इसकी मात्रा में कमी लाना तथा इसके पुनर्चक्रण एवं इसे धन में परिवर्तित करने से जुड़े विभिन्न तरीकों को प्रदर्शित करने के लिए सभी सदस्यों (फेलो) को बधाई दी। इन्वेस्ट इंडिया की उपाध्यक्ष सुश्री मलयज वर्मानी ने उल्लेख किया कि ÷हम अपने सदस्यों (फेलो) को प्रोत्साहित करते हैं और उनसे उम्मीद करते हैं कि वे अपने समुदायों के साथ संवाद बनाये रखें और बदलाव के दूत बनें तथा जीवन भर स्वच्छता सारथी बने रहें।÷

अधिक जानकारी के लिए, https Ñ//www.wastetowealth.gov.in/fellowship-home देखें या Wastetowealthmission@investindia.org.in पर ईमेल करें।

14 राज्यों को 7,183.42 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान जारी हुआ

चालू वित्त वर्ष में अब तक राज्यों को जारी किया गया कुल राजस्व घाटा अनुदान बढ़कर 50,283.92 करोड़ रुपये हो गया

वर्ष 2022-23 में राज्यों को कुल 86,201 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान प्राप्त

लोकशक्ति।पीआईबी।

वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने बुधवार को 14 राज्यों को 7,183.42 करोड़ रुपये के अंतरण पश्चात राजस्व घाटा (पीडीआरडी) अनुदान की सातवीं मासिक किस्त जारी की है। यह अनुदान राशि पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार जारी की गई है।

पंद्रहवें वित्त आयोग ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 14 राज्यों को कुल 86,201 करोड़ रुपये के अंतरण पश्चात राजस्व घाटा अनुदान की सिफारिश की है। यह सिफारिश की गई अनुदान राशि व्यय विभाग द्वारा सिफारिश किए गए राज्यों को 12 समान मासिक किश्तों में जारी की जाएगी। इस सातवीं किस्त के जारी होने के साथ वर्ष 2022-23 में राज्यों को जारी की गई राजस्व घाटा अनुदान की कुल राशि बढ़कर 50,283.92 करोड़ रुपये हो गई है।

संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत राज्यों को अंतरण पश्चात राजस्व घाटा अनुदान प्रदान किया जाता है। यह अनुदान राशि राज्यों के अंतरण पश्चात राजस्व खातों में अंतर को पूरा करने के लिए वित्त आयोगों की क्रमिक सिफारिशों के अनुसार राज्यों को जारी की जाती है।

इस अनुदान को प्राप्त करने के लिए राज्यों की पात्रता और 2020-21 से 2025-26 तक की अवधि के लिए अनुदान की मात्रा का निर्धारण पंद्रहवें आयोग द्वारा राज्य के राजस्व और व्यय के आकलन के बीच के अंतर को ध्यान में रखते हुए किया गया था।

पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा 2022-23 के दौरान जिन राज्यों को अंतरण पश्चात राजस्व घाटा अनुदान की सिफारिश की गई है, उनमें- आंध्र प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 218.84 करोड़ से अधिक टीके लगाए

12-14 आयु वर्ग में 4.10 करोड़ से अधिक टीके की पहली खुराक लगाई गई

लोकशक्ति।पीआईबी।

भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 218.84 करोड़(2,18,84,20,182) से अधिक हो गया।

12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था।

अब तक 4.10 करोड़ (4,10,49,845) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी।

महिलाओं ने आर्थिक स्वावलंबन की चुनी राह

जिले की समूह की महिलाओं का नवाचार, बना रही आकर्षक और सुंदर आर्टिफिशियल ज्वेलरी

00 महिलाओं को आरसेटी से मिला है प्रशिक्षण, सी मार्ट में विक्रय के लिए उपलब्ध रहेगी ज्वेलरी

कोरबा, एजेंसी। सीता महिला ग्राम पंचायत रजगामार की अध्यक्ष श्रीमती कविता वास एवं रजिया बेगम ने बताया कि उनके ग्राम संगठन की 15 महिलाएं आकर्षक रंग बिरंगी चूडियां, कंगन, माथाटीका, राधा सेट जो कि (फोम एवं फ्लावर) से बनाया है जो कि हल्दी कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा पहना जाता हैं। कान की बाली, झुमका, मोती वाले ब्रेसलेट, अंगूठी चोकरहार (मोतीहार) गले के पेडेंट मोतीवाला, मंगलसूत्र, करधन, बाजूबंध आदि ज्वेलरी उन्होने सामूहिक रूप से तैयार की हैं। यह ज्वेलरी उनके द्वारा मात्र 75 घंटे में तैयार की गई है, जिसकी बाजार मूल्य 20 हजार रूपये से ज्यादा मिलने की आशा है। ग्राम संगठन की महिलाओं ने अपने रोजाना के कार्यों से फुरसत होकर दोपहर में 2 बजे से 5 बजे तक सामुदायिक भवन में ज्वेलरी तैयार की हैं। महिलाओं द्वारा तैयार इस आर्टीफिसियल ज्वेलरी को फैंसी स्टोर रजगामार में बिक्री हेतु रखा गया हैं। उन्होने बताया कि में यह ज्वेलरी बाजार दर से सस्ते मूल्य पर आर्कषक रूप में उपलब्ध है।

कोरबा जिले की महिलाएं आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण के लिए बड़े शहरों और वृहद उद्योगों पर निर्भरता की बात को गलत साबित कर रही है। जिले में बिहान की समूह की महिलाएं नवाचार का बेहतरीन नमूना पेश करते हुए गांव में ही आर्टिफिशियल ज्वेलरी का निर्माण कर रही है। समूह की महिलाएं ज्वेलरी निर्माण से जुड़कर स्वरोजगार और स्वावलंबन की मिसाल पेश कर रही हैं। विकासखंड कोरबा के ग्राम रजगामार की 15 दीदियां आजीविका संवर्धन के लिए आर्टिफिशियल ज्वैलरी निर्माण में लगी हुई हैं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत सीता महिला ग्राम संगठन कि महिलाएं चूड़ी, कंगन, झुमका आदि के सुंदर और आकर्षक नमूने बनाकर ना सिर्फ नवाचार कर रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत होने का रास्ता अपना रही है। समूह द्वारा किए जा रहे आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण से समूह की महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। साथ ही अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत साबित हो रहा है। नूतन कुमार कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया की समूह की महिलाएं बड़ी मेहनत और लगन से आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने के काम में लगी हुई है। महिलाओं द्वारा बनाए गए ज्वेलरी बहुत ही सुंदर और आकर्षक है। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वसहायता समूह की महिलाओं के आर्टीफिशियल ज्वेलरी को बाजार उपलब्ध कराने के लिए सीमार्ट में रखने के निर्देश एनआरएलएम को दिये है। इसके साथ ही आर्टीफिशियल ज्वेलरी के व्यवसाय विकास हेतु बैंक से सहयोग कराने के निर्देश दिये है।

उल्लेखनीय है की बिहान की दीदियों को आर्टिफिसियल ज्वेलरी बनाने का 13 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आरसेटी कोरबा के द्वारा दिया गया है। इस संबंध में अरविंद विश्वास डारेक्टर आरसेटी कोरबा ने बताया कि भारत में 850 करोड़ रूपये का आर्टीफिशियल ज्वेलरी बाजार है। जिसमें से 150 करोड़ रूपये घरेलू उत्पाद का हैं । इस कार्य में घरेलू उत्पाद बढाकर इसमें महिलाओं के लिए काफी सम्भावनाएं है। त्यौहारी सीजन को देखते हुए यह कार्य समूह की महिलाओं को आजीविका संवर्धन हेतु लाभकारी होगा। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बैकिंग, मार्केट रिसर्च, कस्टमर बिहेवियर का प्रशिक्षण भी महिलाओं को उनके व्यवसाय विकास हेतु दिया गया है।

(This is only an advertisement for information purposes and is not a prospectus announcement. Not for distribution Outside India.)

REETECH INTERNATIONAL

REETECH INTERNATIONAL CARGO AND COURIER LIMITED

Corporate Identification Number: U51100CT2008PLC020983

Our Company was originally incorporated on December 18, 2008 as a Private Limited Company in the name of "M R Agriculture Private Limited" vide Registration No. 020983 under the provisions of the Companies Act, 1956 with the Registrar of Companies, Madhya Pradesh and Chhattisgarh. Further, pursuant to a Special Resolution of our Shareholders passed in the Extra Ordinary General Meeting held on June 15, 2020, name of our Company was changed to "Reetech International Cargo and Courier Private Limited" and a Fresh Certificate of Incorporation was issued by Registrar of Companies, Chhattisgarh. Subsequently, pursuant to a Special Resolution of our Shareholders passed in the Extra Ordinary General Meeting held on February 15, 2022 our Company was converted from a Private Limited Company to Public Limited Company and the name of our Company was changed to "Reetech International Cargo and Courier Limited" and a Fresh Certificate of Incorporation consequent to Conversion was issued on April 12, 2022 by the Registrar of Companies, Chhattisgarh bearing Corporate Identification Number U51100CT2008PLC020983.

Registered Office: "Sai Kunj" Civil Lines, Raipur- 492001, Chhattisgarh, India.
Contact Person: Ms. Chhaya Verma, Company Secretary and Compliance Officer
Tel: + 91 7714003800 | **E-mail:** info@reetechinternational.com | **Website:** www.reetechinternational.com

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. MAHENDRA AHUJA AND MS. ROMA AHUJA

BASIS OF ALLOTMENT

PUBLIC ISSUE OF 11,14,800 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10.00 EACH ("EQUITY SHARES") OF REETECH INTERNATIONAL CARGO AND COURIER LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹105.00 PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹95.00 PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹1,170.54 LAKHS ("THE ISSUE") COMPRISING OF A FRESH ISSUE OF 5,97,600 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹627.48 LAKHS (THE "FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF 5,17,200 EQUITY SHARES BY THE SELLING SHAREHOLDERS ("OFFER FOR SALE") AGGREGATING TO ₹ 543.06 LAKHS OF WHICH 56,400 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹59.22 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. NET ISSUE OF 10,58,400 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹1,111.32 LAKHS (THE "NET ISSUE"). THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.37% AND 25.04% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS ₹10/-, THE ISSUE PRICE IS ₹105.00 PER EQUITY SHARE AND THE ISSUE PRICE IS 10.5 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES

ISSUE PERIOD
ISSUE OPENED ON: TUESDAY, SEPTEMBER 27, 2022
ISSUE CLOSED ON: THURSDAY, SEPTEMBER 29, 2022

The Equity Shares of the Company are proposed to be listed on the SME Platform of BSE Limited, in terms of the Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 as amended from time to time. Our Company has received an In-Principle approval from BSE for the listing of the Equity Shares pursuant to letter dated August 30, 2022. **BSE Limited shall be the Designated Stock Exchange for the purpose of this Issue. The trading is proposed to be commenced onor before October 10, 2022** (Subject to receipt of listing and trading approvals from the BSE Limited).

The Issue is being made through the Fixed Price Process, the allocation in the Net Issueto the Public Category shall be made pursuant to Regulation 253(2) of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, as amended from time to time, wherein a minimum of 50% of the Net Issueof shares to the Public shall initially be made available for allotment to Retail Individual Investors. The balance of Net Issueof Shares to the public shall be made available for allotment to Individual Applicants other than Retail Individual Investors and other Investors, including Corporate Bodies / Institutions irrespective of Number of Shares applied for. If the Retail Individual Investor Category is entitled to more than 50% on proportionate basis, they shall be allotted that higher percentage. Under subscription, if any, in any of the categories, would be allowed to be met with spill-over from any of the other categories or a combination of categories at the discretion of our Company in consultation with the Lead Manager and the Designated Stock Exchange. Such inter-se spill over, if any, would be affected in accordance with applicable laws, rules, regulations and guidelines. All potential investors shall participate in the Issue only through an Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process including through UPI mode (as applicable) by providing details of the irrespective bank accounts and / or UPI IDs, in case of RIIs, if applicable, which will be blocked by the Self-Certified Syndicate Banks ("SCSBs").

SUBSCRIPTION DETAILS

The Issue has received 1282 applications for 22,58,400 Equity Shares (before technical rejections, and Bids not banked) including Market Making application of 56,400 Equity Shares. The Issue was subscribed to the extent of 2.03 times as per the bid book received from BSE Limited. After considering invalid bids, bids not banked and technical rejection cases from the Bid book, the Issue was subscribed by 1.33 times including Market Making Reservation Portion. The details of the applications received in the Issue (before technical rejections but after Invalid Bids Multiple/ Duplicate and Bids not banked) are as follows:

Detail of the Applications Received

Category	Gross		Less: Rejections		Valid	
	No. of Applications	Equity Shares	No. of Applications	Equity Shares	No. of Applications	Equity Shares
Market Maker	1	56,400	-	-	1	56,400
Retail Individual Applicant	861	10,33,200	16	19,200	845	10,14,000
Other than Retail Individual Applicant	38	7,02,000	3	2,84,400	35	4,17,600
Total	**900**	**17,91,600**	**19**	**3,03,600**	**881**	**14,88,000**

The Basis of Allotment was finalised in consultation with the Designated Stock Exchange – BSE Limited on October 04, 2022.

A) Allocation to Market Maker (After Technical Rejections & Withdrawals): The Basis of Allotment to the Market Maker, at the Issue Price of ₹105.00 per Equity Share, was finalised in consultation with BSE Limited. The category was subscribed by 1.00 times. The total number of shares allotted in this category is 56,400 Equity Shares. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under:

No. of Shares Applied for (Category Wise)	No. of Applications Received	% to Total	Total No. of Shares Applied in Each Category	% to Total	Allocation per Applicant (Before Rounding Off)	Allocation per Applicant (After Rounding Off)	Ratio of Allottees to the Applicant		Total No. of Shares Allotted
56,400	1	100.00	56,400	100.00	56,400	56,400	1	1	56,400
Total	**1**	**100.00**	**56,400**	**100.00**					**56,400**

B) Allocation to Retail Individual Investors (After Technical Rejections & Withdrawals): The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, at the Issue Price of ₹105.00 per Equity Share, was finalised in consultation with BSE Limited. Pursuant to Regulation 253(2) of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, the total number of shares allocated in this category is 7,50,000 Equity Shares. The category was subscribed by 1.35 times. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under:

No. of Shares Applied for (Category Wise)	No. of Applications Received	% to Total	Total No. of Shares Applied in Each Category	% to Total	Proportionate shares available	Allocation per Applicant		Ratio of allottees to the applicants		Number of Successful applicants (after rounding off)	% to Total	Total No. of Shares allocated/ allotted	% to Total	Surplus/ Defecit
						Before rounding off	After rounding off							
1200	845	100.00	10,14,000	100.00	7,50,000	887.57	1200	125	169	625	100.00	7,50,000	100.00	0
Total	**845**	**100.00**	**10,14,000**	**100.00**	**7,50,000**					**625**	**100.00**	**7,50,000**	**100.00**	**0**

C) Allocation to Other than Retails Category (After Technical Rejections & Withdrawals): The Basis of Allotment to the Non – Retail Investors, at the Issue Price of ₹105.00 per Equity Share, was finalised in consultation with BSE Limited. Pursuant to Regulation 253(2) of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, the total number of shares allocated in this category is 3,08,400 Equity Shares. The category was subscribed by 1.35 times. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under:

No. of Shares Applied for (Category Wise)	No. of Applications Received	% to Total	Total No. of Shares Applied in Each Category	% to Total	Proportionate shares available	Allocation per Applicant		Ratio of allottees to the applicants		Number of Successful applicants (after rounding off)	% to Total	Total No. of Shares allocated/ allotted	% to Total	Surplus/ Defecit
						Before rounding off	After rounding off							
2400	19	54.28	45600	10.92	33676	1772.42	1200	1	1	19	54.28	22800	7.39	-10876
		0.00		0.00			1200	9	19		0.00	10800	3.50	10800
3600	6	17.14	21600	5.17	15952	2658.67	2400	1	1	6	17.14	14400	4.67	-1552
		0.00		0.00			1200	1	6		0.00	1200	0.39	1200
4800	3	8.57	14400	3.45	10634	3544.67	3600	1	1	3	8.57	10800	3.50	166
9600	1	2.86	9600	2.30	7090	7090	7200	1	1	1	2.86	7200	2.33	110
12000	1	2.86	12000	2.87	8862	8862	8400	1	1	1	2.86	8400	2.72	-462
18000	1	2.86	18000	4.31	13293	13293	13200	1	1	1	2.86	13200	4.28	-93
26400	1	2.86	26400	6.32	19497	19497	19200	1	1	1	2.86	19200	6.23	-297
30000	1	2.86	30000	7.18	22155	22155	22800	1	1	1	2.86	22800	7.39	645
60000	1	2.86	60000	14.37	44310	44310	44400	1	1	1	2.86	44400	14.40	90
180000	1	2.86	180000	43.10	132931	132931	133200	1	1	1	2.86	133200	43.19	269
Total	**35**	**100.00**	**417600**	**100.00**	**308400**					**35**	**100.00**	**308400**	**100.00**	**0**

The Board of Directors of the Company at its meeting held on October 04, 2022, has taken on record the Basis of Allotment of Equity Shares, as approved by the Designated Stock Exchange viz. BSE Limited and has authorized the corporate action for the allotment of the Equity Shares to various successful applicants.

The CAN and Allotment Advice and / or notices shall be dispatched to the address of the investors as registered with the depositories on or before Thursday, October 06, 2022. Further, the instructions to Self-Certified Syndicate Banks will be processed on or before Thursday, October 06, 2022 for unblocking of funds. The Equity Shares allotted to successful applicants are being credited to their beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. In case the same is not received within prescribed time, investors may contact the Registrar to the Issue at the address given below. The Company is taking steps to get the Equity Shares admitted for trading on the SME Platform of BSE Limitedwithin 6 working days from the Closure of the Issue. **The trading is proposed to be commenced on or before Monday, October 10, 2022 subject to receipt of listing and trading approvals from BSE Limited.**

Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated September 20, 2022 ("Prospectus").

INVESTORS, PLEASE NOTE

The details of the allotment made has been hosted on the website of the Registrar to the Issue, Bigshare Services PrivateLimited at Website: www.bigshareonline.com.

LEAD MANAGER TO THE ISSUE	REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
GRETEX **GRETEX CORPORATE SERVICES LIMITED** Office No. 13, 1st Floor, New Bansilal Building, Raja Bahadur Mansion, 9-15, Homi Modi Street, Fort, Mumbai – 400 001 **Tel No.:** +91 - 22 - 4002 5273 / 96532 49863 **Email:** info@gretexgroup.com **Website:** www.gretexcorporate.com **Contact Person:** Ms. Dimple Magharam Slun **SEBI Registration No:** INM000012177 **CIN:** L74999MH2008PLC288128	**BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED** S6-2, 6th Pinnacle Business Park, Mahakali Caves Road, next to Ahura Centre, Andheri East, Mumbai- 400093 **Tel. No.:** +91 – 22 – 6263 8200 **Fax No.:** +91 – 22 – 6263 8299 **Email:** ipo@bigshareonline.com; **Website:** www.bigshareonline.com **Investor Grievance Email:** investor@bigshareonline.com **Contact Person:** Mr. Swapnil Kate **SEBI Registration No.:** INR000001385 **CIN:** U99999MH1994PTC076534	REETECH INTERNATIONAL **REETECH INTERNATIONAL CARGO AND COURIER LIMITED** **Ms. Chhaya Verma** Company Secretary & Compliance Officer, "Sai Kunj" Civil Lines, Raipur 492001, Chhattisgarh, India **Tel:** + 91 7714003800 **E-mail:** info@reetechinternational.com **Website:** www.reetechinternational.com All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/Sole Applicant, Serial number of the Application Form, Number of Shares Applied for and Bank Branch where the Application had been lodged and payment details at the address given.

FOR REETECH INTERNATIONAL CARGO AND COURIERLIMITED
Sd/-
Mr. Mahendra Ahuja
Managing Director
DIN: 00247075

Place: Raipur
Date: October 06, 2022

LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARE ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF REETECH INTERNATIONAL CARGO AND COURIER LIMITED.

REETECH INTERNATIONAL CARGO AND COURIER LIMITED is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make a Public Issue of its Equity Shares and has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, Chhattisgarh. The Prospectus is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Lead Manager at www.gretexcorporate.com,the website of the BSE Limited i.e. www.bseindia.com, and website of the Issuer Company at www.reetechinternational.comInvestors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk. For details investors should refer to and rely on the Prospectus including the section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 27 of the Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act (the "Securities Act") or any state securities law in United States and may not be Issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in the Regulations under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to the registration requirements of the Securities Act of 1933.

Raka

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

शासकीय कर्मियों के लिये लगेंगे फेस रीडिंग मशीन

कलेक्टर ने टेस्ट कर मशीनों को परखा, कार्यालयों में लगेंगे

जांजगीर-चाम्पा संवाददाता। शासन के आदेश निर्देश और कलेक्टर के हिदायतों को नजरअंदाज करने वाले ऐसे लापरवाह कर्मचारियों पर जल्दी ही कार्यवाही की गाज गिरेगी जो समय पर न तो अपने कार्यालय पहुचते हैं और न ही निर्धारित समय तक कार्यालय में रहते हैं। जिले में शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार आ रही शिकायतों के मद्देनजर कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी कार्यालयों में फेस रीडिंग मशीन लगाने का निर्णय लिया है। इन मशीनों के कार्यालय में लगने के पश्चात हर अधिकारी-कर्मचारी को निर्धारित समय पर अपनी उपस्थिति दर्शानी होगी, यही नहीं निर्धारित समय तक कार्य करने के बाद जाते समय भी उन्हें अपना चेहरा या फिंगरप्रिंट मशीन में दर्ज करना होगा। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद जिले में देरी से आकर कार्यालय से जल्दी चले जाने की प्रवृत्ति पर जहां अंकुश लगेगी, वही आम जनता की समस्याओं का निराकरण एवं शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन भी आसानी से होगी।

जिले में कलेक्टर के रूप में पदस्थ होने के पश्चात श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने पहली बैठक में ही सभी सरकारी कर्मचरियों को निर्धारित समय में कार्यालय आने के निर्देश दिए थे। यहीं नहीं जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों के कार्यालयों एवं स्कूल,

आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य की दुकानों के अलावा अन्य सरकारी दफ्तरों के निरीक्षण के पष्चात उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय लेबल के अधिकारियों की बैठक लेकर सख्त हिदायत भी दी थीं। उनके द्वारा विगत तीन माह के कार्यकाल के दौरान यि गए आकस्मिक निरीक्षण में अनेक कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों की अनुपस्थिति भी उजागर हुई थी। शासकीय कार्यालयों में समय पर अधिकारी-कर्मचारियों नहीं आने पर आम जनता में नाराजगी के साथ जनप्रतिनिधियों में आक्रोश तो था ही, शासन द्वारा निर्धारित जनहितैषी कार्यों के अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी लापरवाही हो रही थी। कलेक्टर ने जिले में सरकारी व्यवस्था को दुरस्त करने की ठानी और निर्देशों का अवहेलना करने वालों को सही राह में लाने आधुनिक फेस रीडिंग मशीन लगाने का फैसला लिया।

आने और जाने के समय करानी होगी फेस की रीडिंग

शासकीय कार्यालयों में लगने जा रहे फेस रीडिंग मशीन आधुनिक साफ्टवेयर से लैस है। इसमें सभी अधिकारी-कर्मचारियों के चेहरे व फिंगरप्रिंट को स्कैन कर सुरक्षित कर लिये जायेंगे। सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय आने के साथ ही अपना चेहरा सामने रखेंगे तो मशीन में ऑटोमेटिक चेहरा स्कैन होने के साथ समय भी दर्ज हो जाएगा। इसी तरह कार्यालयीन समय तक कार्य करने के पष्चात जाने के समय भी अपनी फेस रीडिंग करानी होगी। बताया जा रहा है कि विलंब से आने और जल्दी चले जाने वालों का रिकॉर्ड दर्ज होकर सॉफ्टवेयर में प्रेषित होंगी। उच्च अधिकारी लापरवाही पर वेतन कटौती के साथ अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सकेंगे।

पारदर्शी प्रशासन की ओर बढ़ाया कदम

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने शासकीय कार्यालयों में फेस रीडिंग मषीन लगवाकर जहां लापरवाह कर्मचारियों को शासन के निर्देशानुसार कार्य करने एक सकारात्मक रूख अपनाया है, वहीं उन्होंने प्रशासनिक कसावट के साथ पारदर्शी प्रशासन की दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए आम नागरिकों के हितों का भी ख्याल रखा है। गौरतलब है कि अधिकारी-कर्मचरियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुचने पर जनप्रतिनिधि सहित आम नागरिक भी स्थानीय प्रशासन पर सवाल उठाते रहते थे। जिले के कलेक्टर ने फेस रीडिंग मशीन लगाने का निर्णय लेकर यह भी साबित किया है कि वे राज्य शासन की मंशानुरूप आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के हित में जो भी जायज फैसले हैं जरूर लेंगे।

मनमानी करने वालों के खिलाफकार्यवाही करेंगे-कलेक्टर

एक्सपर्ट से फेस रीडिंग मशीन के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी लेने के साथ कलेक्टर श्री सिन्हा ने मशीन को हाथों में लेकर बारीकी से परखा। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कार्यालय सहित स्कूलों में समय पर उपस्थिति नहीं मिल रही थी। बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को भी निर्देश देकर शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। वे मशीन लगाने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन जिले में समय पर शासकीय कामकाज, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, आम नागरिकों के हितों के अलावा पारदर्शी और स्वच्छ प्रशासन की दिशा में कदम बढ़ाने के लिये यह जरूरी हो गया था। अब जो मनमानी करेंगे, उसके विरूद्ध कार्यवाही करना आसान हो जायेगा। उन्होंने किसी तरह की कार्यवाही से बचने के लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को समय पर आने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पारम्परिक खेल गिल्ली-डंडा, लंगड़ी दौड़, पिट्ठुल, रस्साकसी, फुगड़ी, भौंरा, खो-खो सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गय

रोमांच के साथ उत्साह का बना माहौल, पारम्परिक खेलों ने बढ़ाया मेलजोल

गिल्ली-डंडा, लंगड़ी दौड़, पिट्ठुल, रस्साकसी, फुगड़ी, भौंरा, खो-खो का हुआ आयोजन

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने बच्चों से लेकर बड़ों में दिखा उत्साह

संवाददाता। जांजगीर-चाम्पा। प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की आज से शुरूआत क्या हुई, इसमें भाग लेकर खेलने के लिए गांव के बच्चों से लेकर बड़ो में बहुत उत्साह नजर आया। पारम्परिक खेलों को महत्व मिलने से इसे मैदान पर खेलने वालों से लेकर देखने वालों में न सिर्फएक अलग खुशी थी, गांव से लेकर नगर तक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की चर्चा भी खूब हुई। जिले में गांव-गांव में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पारम्परिक खेल गिल्ली-डंडा, लंगड़ी दौड़, पिट्ठुल, रस्साकसी, फुगड़ी, भौंरा, खो-खो सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों से लेकर कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा सहित अन्य लोगों ने भी भौरा चलाकर, गिल्ली डंडा खेलकर खिलाड़ियों और ग्रामीणों के उत्साह को दुगना किया।

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में आज से प्रारंभ हुए इस खेल आयोजन में नगरीय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रदेश में पहली बार इस तरह के खेलों का आयोजन होने से बड़ी संख्या में लोग आयोजन स्थल पर पहुचे हुए नजर आए। छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं, पुरूष खेलों में शामिल हुए। जांजगीर शहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में नगर पालिका द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया। यहां नगर पालिका के अध्यक्ष श्री भगवानदास गढ़ेवाल, कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भौरा, गिल्ली डंडा खेलकर आयोजन की शुरूआत की। यहां लंगड़ी दौड़, पिट्ठुल, भौंरा तथा गिल्ली डंडा का आयोजन किया गया।

जोर लगा के हइसा...

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल खेलों में भाग लेने के लिए बालक-बालिकाओं के साथ गांव की महिलाएं भी खासी रूचि ले रही है। ग्राम पंचायत खोखरा में आयोजन स्थल पर खेल का माहौल देखते ही बन रहा था। गांव की महिलाओं ने रस्साकसी खेल में भाग लिया और अपनी जीत के लिए पूरी ताकत से जोर लगा के हइसा...कहती हुई रस्सी खींचती नजर आई। स्कूल मैदान में महिलाओं के इस प्रयास को देख वहां उपस्थित दर्शकों ने न सिर्फखूब तालियां बजाई, अपितु अपनी पसंद की टीमों को जिताने के लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया। कुछ ऐसा ही रोमांच का माहौल फुगड़ी प्रतियोगिता में भी देखने को मिला। चार बालिकाओं ने सीटी बजते ही एक साथ फुगड़ी खेलना प्रारंभ किया। गोला बनाकर खड़े दर्शकों के बीच फुगड़ी करती बालिकाओं ने दर्शकों की तालियों के साथ फुगड़ी की। देर तक मैदान में डटे रहने के साथ सबके आउट होते ही अंत में कुमारी सौम्या राठौर ने बाजी जीती। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मौके पर रस्साकसी टीम का नेतृत्व कर रही

श्रीमती सरोजनी बाई और फुगड़ी की विजेता सौम्या को पुरस्कृत किया।

तीन वर्गों में 14 खेलों का होगा आयोजन

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक प्रतियोगिता 3 वर्गो में आयोजित की जा रही है। पहला 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा 18 से 40 वर्ष की आयु तक वहीं तीसरा 40 वर्ष से अधिक आयु तक महिला और पुरुष दोनों वर्ग में शामिल हो सकते हैं। वहीं छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में पारम्परिक खेल गिल्ली-डंडा, लंगड़ी दौड़, पिट्ठुल, संखली, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बांटी (कंचा), गेड़ी दौड़, फुगड़ी, भौंरा, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, बिल्लस खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता पहले राजीव मितान क्लब स्तर पर स्पर्धा होगी। आठ क्लब को मिलाकर एक क्लब बनाया जाएगा। चयनित खिलाड़ी विकासखंड स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेंगे। इसके बाद विकासखंड, नगरी निकाय क्लस्टर, जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र और मेडल भी प्रदान किया जाएगा। यह प्रतियोगिता ग्रामीण और नगरीय निकाय दोनों पर आयोजित की जाएगी।

6 अक्टूबर से लेकर 6 जनवरी तक चलेगा आयोजन

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में सबसे पहले राज युवा मितान क्लब स्तर के आयोजन 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2022 तक होंगे। वही जोन स्तर का आयोजन 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक होंगे। विकासखंड स्तर पर 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर 17 नवंबर से 26 नवंबर तक और संभागीय स्तर पर आयोजन 5 दिसंबर से 14 दिसंबर के बीच होगा। वही राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ी ओलंपिक का अंतिम चरण 28 दिसंबर 2022 से 6 जनवरी 2023 तक आयोजित होगा। इस स्तरों के अनुसार इन खेल प्रतियोगिता के आयोजन किया जाएंगे।

पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने का बेहतर अवसर: कलेक्टर

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन में शामिल होने ग्रामीणों के साथ नगरीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों के उत्साह को देखते हुए कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अपनी परम्परा और पहचान है। यहां की संस्कृति के साथ खेले जाने वाले खेल बहुत महत्व रखते हैं। यह भाईचारे की भावना को विकसित करने के साथ शारीरिक विकास में भी योगदान देता है। गांव-गांव इस तरह के आयोजन होने से एक बार फिर इन खेलों की पहचान बढ़ेगी और आने वाली पीढ़ी इसे जान पायेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में लोगों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील भी की।

विद्युतनगर बसंतपुर में उत्साह से मना दशहरा उत्सव

जांजगीर संवाददाता। अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है दशहरा उत्सव। आप सब मिलजुलकर आवासीय कॉलोनी में दशहरा उत्सव मना रहे हैं इसके लिए आपको बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी हो या रावण का पुतला सभी को तैयार करने में आप सबकी मेहनत की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। यह बातें मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने दशहरा उत्सव में उपस्थित जनसमूह के बीच कही।

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के आवासीय कॉलोनी विद्युतनगर बसंतपुर में छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विकास मंच दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। यहां 75 फीट ऊंचे रावण का पुतला जलाया गया। यहां रावण लाल आंखें दिखाकर अट्टाहास कर रहा था। वह भगवान श्रीराम को चुनौती भी दे रहा था। लेकिन भगवान श्रीराम ने उसे तीर मारकर धरती पर धराशायी कर दिया और उसका अहं चूर-चूर हो गया। भगवान श्रीराम के साथ भाई लक्ष्मण, वीर हनुमान और जामवंत समेत वानरों की सेना मौजूद रही।

इसके पूर्व कॉलोनी में रथ पर सवार भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी निकाली गई। दशहरा मैदान पर मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया एवं शशि कोसरिया द्वारा भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही जोरदार आसमानी आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता रामजी सिंह व आरजी देवांगन, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी,वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. आरके साहू, अधीक्षण अभियंता संजय तिवारी एवं एसके जायसवाल उपस्थित रहे। दशहरा उत्सव में आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक विकास मंच दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष तेजराम सिरमौर एवं उनकी टीम, आवासीय कॉलोनी की बहनें और सिविल, बॉयलर एवं इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम द्वारा दशहरा उत्सव में अतुलनीय सहयोग प्रदान किया गया।

स्वच्छता एवं पर्यावरण पर ध्यान देने के लिए हमें पौधारोपण करना जरूरी

कोरबा, (आरएनएस)। प्राचार्य शोमा सोनी ने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण पर ध्यान देने के लिए हमें पौधारोपण करना जरूरी है।अग्रसेन पब्लिक स्कूल कोरबा में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, सचिव शिव अग्रवाल, अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष जयराम बंसल, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सचिव मुकेश गोयल, अनिता सिंघल, भगवती अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में मां सरस्वती, महाराजा अग्रसेन की अर्चना पश्चात महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने स्वच्छता अभियान चलाने की प्रेरणा देकर इसे आत्मसात करने के लिए संबोधित किया। शिक्षण समिति के अध्यक्ष जयराम बंसल ने महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके बताये पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी।

आज 8 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट मंगलवार 04 अक्टूबर को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 04 अक्टूबर मंगलवार को वार्ड क्र. 03 राताखार पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 11 लक्ष्मणबन विनायक चौक, वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 34 फायर कालोनी मंच, वार्ड क्र. 47 कुमगरी स्टेज, वार्ड क्र. 48 सेमीपाली सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 59 विकासनगर बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 66 गजरा मितानिन घर के पास कैम्प लगाए जाएंगे। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने संबंधित वार्ड पार्षदों से अपील करते हुए कहा है कि वार्डो में लगने वाले मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविरों की जानकारी वार्ड के नागरिकों को देने के साथ ही शिविर में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी निःशुल्क जांच व बीमारियों का इलाज करा सके तथा शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।

संक्षिप्त खबरें

सांसद मद से प्रशिक्षण भवन के लिए 9 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

जगदलपुर, (आरएनएस)। बस्तर जिले के कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त वित्तीय अधिकार का प्रयोग करते हुए बस्तर सांसद दीपक बैज के द्वारा अनुशंसित एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग जगदलपुर, जिला बस्तर द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के आधार पर 09 लाख 93 हजार रुपए की लागत से ग्राम पंचायत पंडरीपानी-01 में निर्माण होने वाले प्रशिक्षण भवन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया है। ग्राम पंचायत पंडरीपानी-01 में प्रशिक्षण भवन निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जगदलपुर को नियुक्त किया है।

वन अधिकार जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता पद पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 10 तक

जगदलपुर,(आरएनएस)। वन अधिकार जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता के लिए भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र-अपात्रों की सूची जारी कर दी गई है। सूची जिले के वेबसाईट पर और जगदलपुर स्थित आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है। सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर दावा-आपत्ति 10 अक्टूबर तक मंगाई गई है।

नगर में नवमी के दिन कराया गया नव दुर्गा के रूप में नौकन्या भोज

गरियाबंद, आरएनएस)। नौ दिनो तक स्थापित शारदीय नवरात के नौवमे दिन मंगलवार को गरियाबंद नगर के विभिन्न दुर्गा समितियों द्वारा दुर्गा स्थल के साथ घरों में उपवास रहने वाले लोगो के द्वारा छोटे छोटे नौ कन्या और हनुमान के प्रतिरूप उनके लँगूरवा एक छोटा बच्चा को भोज कराने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि चैत्र नवरात और शारदीय नवरात में नौ दिनों तक माँ दुर्गा की स्थापना किया जाता है ।वही इस नौ दिनों में कुछ लोग नौ दिन तो कुछ लोग एकम पंचमी और अष्टमी का उपवास माँ दुर्गा के नाम से रखते है ।इसके साथ ही माँ दुर्गा के नौ रूपो के रूप में नौ नन्हे बच्चियों के साथ भगवान हनुमान के रूप में एक छोटा बच्चा को भोजन खिलाकर यथाशक्ति उपहार भेंट किया जाता है ,ये नौकन्या भोज लोगो के द्वारा आज प्रसन्न मन से किया गया।

ग्राम नांगाबुडा में 35 फिट रावण

गरियाबंद,(आरएनएस)। असत्य पर सत्य की जीत को लेकर दशहरा के दिन अपनी बुराइयों के ख़त्म करने की सोच के साथ रावण का पुतला दहन किया जाता है।इस दशहरा त्योहार को लेकर ग्राम नांगाबुडा में ग्राम के युवाओं के द्वारा 35 फिट रावह की प्रतिमा तैयार किया जा रहा है जो मंगलवार को बनकर लगभग तैयार किया जा चुका है ।ज्ञात ही कि ग्राम नांगाबुडा में प्रतिवर्ष स्कूल मैदान में रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जाता जो पूरी रात किये जाने के साथ ही सुबह के समय के राम रावण के बीच वाद विवाद के बाद रावण का वध होता है ये दहन लकड़ी पैरा और पटाखे डाले रावण का दहन कर किया जाता जो बनकर तैयार किया जा चुका है।

सर्प के काटने से पंच की मौत

गरियाबंद,। मंगलवार के सुबह पांच बजे घर मे सोए ब्यक्ति का सर्प के काटने से मौत हो गई जिसका पोस्टमार्टम कर मृतक का शरीर परिजनों को सौपा गया। घटना के विषय मे मिली के अनुसार गरियाबंद जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत डोंगरीगाव के आश्रित ग्राम केशोडार निवासी

फुलुराम नेताम जो वार्ड पंच है , वो अपने घर मे सोया थे उसी दौरान जहरीला करायत सर्प ने काट लिया , वही मृतक के घर मे तोता पाल रखे है जो मृतक के साथ ही रहता है, उसके चलते तोता के द्वारा काटने की आशंका कर नजरअंदाज किया गया , लेकिन कुछ समय बाद मृतक को चक्कर आना शुरू हुआ और घर मे करायत सर्प को देखे तब जिला अस्पताल लाया गया जहां प्रारंभिक उपचार में ही उसकी मौत हो गई। मृतक ब्यक्ति का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनों को सौपा गया , साथ ही घटना की रिपोर्ट सिटीकोतवाली में दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

कलेक्टर ने गांधी जी की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की

कोरबा(आरएनएस)। गांधी जयंती पर कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौजूद अधिकारी कर्मचारियों ने बापू जी को नमन करते हुए उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कलेक्टर झा ने बापू के आदर्शों पर चलने तथा सशक्त और समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जनदर्शन के माध्यम से सुनी नागरिकों की समस्याएं

सूरजपुर, (संवाददाता)।

कलेक्टर इफ्फ्त आरा एवं जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम ने आज संयुक्त कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडो के दूर-दराज से आए नागरिकों, ग्रामीण जनों, महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को सुना और उन आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन कर योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करें।

स्वयंसेवकों ने कुदरगढ़ मेले में संचार सामग्री मेगा फोन के माध्यम से किया जागरूक

सूरजपुर,(आरएनएस)। जिले के अंतर्गत कुदरगढ़ में नवरात्रि पर्व में आयोजित मेला एवं मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को रोको अऊ टोको के स्वयंसेवक द्वारा यूनिसेफ द्वारा प्राप्त संचार सामग्री मेगा फोन के माध्यम से कोविड -19 की टीका लगवाने हेतु संदेश दिया गया। कोविड-19 के टीका से छूटे हुए लाभार्थियों को टीकाकरण कराने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही स्वयंसेवक द्वारा मेले में आए श्रद्धालुओं को अपने रिश्तेदार, संबंधी, पड़ोसी एवं स्वयं के घर के सदस्य जिन्होंने कोविड का टीका नहीं लगवाए है, उन्हें जागरूक कर टीकाकरण कराने हेतु अपील भी किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में स्वयंसेवक-गोरख राजवाड़े, उमेश, संतोष, फ्लेश्वर, हरदेव, अनिल, अशोक, मिथलेश, कमलेश्वर एवं डीएमसी संतोष साकत उपस्थित थे।

कलेक्टर ने मद्य निषेध वाहन को हरी झंडी दिखा किया रवाना

सूरजपुर,(आरएनएस)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य पान एवं अन्य मादक द्रव्यों, पदार्थों तथा नशीली दवाइयों के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2022 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन करने के लिए कलेक्टर ने मद्य निषेध वाहन को हरि झंड़ी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा किसान मोर्चा ने किसानों एवं जवानों का किया सम्मान

राजनांदगांव, संवाददाता।

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया गया। सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिवस पर जिला भाजपा किसान मोर्चा राजनांदगांव द्वारा किसान मोर्चा सम्मान, पूर्व सैनिक सम्मान के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित, पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को सर्वप्रथम हीरेंद्र कुमार साहू जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा ने संबोधित किया तत्पश्चात संतोष सिंह जी पूर्व सैनिक ,कोमल सिंह राजपूत उपाध्यक्ष प्रदेश किसान मोर्चा, मधुसूदन यादव प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष भाजपा एवं खूबचंद पारख पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ने संबोधित किया। संबोधित करते हुए जय जवान जय किसान की जय हो।सैनिको की सदा जय हो । किसान जो एक बीज

खेत पर डालता है और हजार बीज खेत से पैदा करता है और पूरे देश का पालन पोषण करता है इसलिए उसकी जय हो। देश के आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा करते हुए जो सैनिक तिरंगे में लिपट कर आते हैं ऐसे सैनिकों को कोटि-कोटि नमन करते हैं। देश के किसान और सैनिक का हम सच्चे दिल से उनके प्रति कृतज्ञ जाहिर करते हैं।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा राजनांदगांव द्वारा शाल और फल भेंट कर सम्मानित किया।किसान मोर्चा से मुंशी राम उमराव कुमरदा, कृत लाल, मनबोध साहू छुरिया ,लक्ष्मण साहू श्रवण सिन्हा, अंबागढ़ चौकी, अनिल वर्मा डोंगरगढ़ ग्रामीण, मनोहर गेडाम डोंगरगढ़ शहर, पुरुषोत्तम साहू ,जयराम साहू राजनांदगांव उत्तर, गैद लाल साहू राजनांदगांव दक्षिण ,गोरेलाल साहू ,शारदा प्रसाद साहू घुमका, शिव प्रसाद साहू खैरागढ़ ग्रामीण, योगेश कुमार साहू राजनांदगांव ग्रामीण से सम्मानित किया गया। इसी तरह से पूर्व सैनिक सम्मान में एम आर डडसेना एयर फोर्स मास्टर वारंट ऑफिसर ,पी एल ठाकुर , प्रेम कुमार वैष्णव, गुमान दास साहू ,उमेश कुमार गंगबेर, संजय पावार ,आगेश्वर सिन्हा, नकुल राम साहू, युगल किशोर वर्मा ,कुलेश्वरा साहू ,सोहन सिंह चौहान ,नरेंद्र कुमार ,सावन कुमार वर्मा, चंदन सिंह, विनोद कुमार यादव ,राकेश नील कुसुम इन सभी पूर्व सैनिकों को शाल और फल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर खूबचंद पारख पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, मधुसूदन यादव जी प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष ,सचिन सिंह बघेल महामंत्री जिला भाजपा, नीलू शर्मा प्रदेश प्रवक्ता, राजेंद्र गोलछा ज़िला उपाध्यक्ष, पूर्णिमा साहू प्रदेश कार्यकारिणी ,सावन वर्मा जिला उपाध्यक्ष, कोमल सिंह राजपूत उपाध्यक्ष प्रदेश किसान मोर्चा, आभा तिवारी उपाध्यक्ष जिला भाजपा, शिव वर्मा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, रघुवर वाधवा, हीरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा, श्रीमती ललिता कंवर सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव ,घासी राम साहू महामंत्री जिला किसान मोर्चा, संतोष सिंह पूर्व सैनिक, हेमलाल वर्मा उपाध्यक्ष, कुंभ लाल साहू सह मीडिया प्रभारी, मनीष सोनी सोशल मीडिया प्रभारी ,चेतन साहू सह सोशल मीडिया प्रभारी, मोहर दास साहू कार्यकारिणी सदस्य, जिला किसान मोर्चा दुर्गा प्रसाद नायडू मंडल अध्यक्ष डोंगरगढ़ ग्रामीण, टाकेश सिंह अध्यक्ष घुमका मंडल, टामेश्वर साहू अध्यक्ष लाल बहादुर नगर, सुकृत दास साहू अध्यक्ष छुरियां मंडल, डामन लाल साहू अध्यक्ष मंडल कुमरदा ,गौरी शंकर गुरल्ले अध्यक्ष मंडल अंबागढ़ चौकी, देवानंद निर्मलकर, दीपक निर्मलकर संतोष साहू महामंत्री राजनांदगांव ग्रामीण छबि यदु एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

मावली परघाव में बस्तर संभाग के 194 गांव के देवी-देवता हुए शामिल

जगदलपुर,। बस्तर दशहरा के रियासत कालीन परंपरानुसार मावली परघाव में शामिल होने के लिए जगदलपुर पहुंची माता मावली की डोली और दंतेश्वरी के छत्र का भव्य स्वागत किया गया। मावली माता की डोली और दंतेश्वरी के छत्र को जियाडेरा से दंतेश्वरी मंदिर तक पहुंचाने में हजारों लोग सड़क के दोनों ओर मौजूद रहे। जिनकी अगुवानी राज परिवार के सदस्य, कुवंर परिवार, जनप्रतिनिधि, राजपुरोहित ने किया। बस्तर दशहरा का सबसे महत्वपूर्ण पूजा विधान मावली परघाव में बस्तर संभाग के 194 गांव के देवी-देवता शामिल हुए हैं।

माता मावली की डोली तथा मां दंतेश्वरी का छत्र बीती रात्रि में दंतेवाड़ा से जगदलपुर लाकर नियत स्थान पर जिया डेरा में स्थापित किया गया था। जिसके बाद आज देर शाम को परंपरानुसार बस्तर दशहरा में शामिल होने दंतेश्वरी मंदिर में लाकर स्थापित किया गया, मंदिर में 10 अक्टूबर तक मावली माता की डोली और दंतेश्वरी के छत्र के दर्शन होंगे, 11 अक्टूबर को माता की विदाई के भव्य आयोजन के साथ माता मावली की डोली तथा मां दंतेश्वरी का छत्र दंतेवाड़ा रवाना होगी।

राजगुरू नवीन ठाकुर ने बताया कि मावली देवी की अगुवानी या स्वागत को स्थानिय बोली में मावली परघाव कहा जाता है। उन्होने बताया कि रस्म के मुताबिक दंतेवाड़ा में नए कपड़े में चंदन का लेप देकर मावली की मूर्ति बनाकर पुष्पाच्छादित किया जाता है। इस मूर्ति को ही डोली में विराजित कर दंतेवाड़ा से जगदलपुर लाया गया, देवी अपने साथ नए अन्न भी लाती है। इस अन्न से ही बस्तर राजपरिवार कुम्हड़ाकोट जंगल में 06 अक्टूबर को नवाखानी त्यौहार मनाएगा।

सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाकर आने वाले कल को बनाएं बेहतर

धमतरी, एजेंसी।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिले में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है । इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य विभाग के कर्मी लोगों के बीच जाकर उनको मानसिक समस्याओं को समझाने और उसका तार्किक हल बताने का प्रयास करेंगे । साथ ही लोगों को तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

इस संबंध में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. जेएस खालसा ने बताया: ''इस वर्ष सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य और भलाई को वैश्विक प्राथमिकता बनाना की थीम पर जिले में 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला जेल धमतरी में बंदियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बंदियों के

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चांडक ने बताया: ''कार्यशाला में बंदियों को एक स्वस्थ शरीर में मानसिक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर मानसिक बीमारियों की पहचान कैसे करनी है?, इस बारे में भी बताया गया। बंदियों को होने वाले तनाव के विभिन्न कारक जैसे घर परिवार से दूरी, अकेलापन, अपने द्वारा किए गए काम को लेकर आत्मग्लानि महसूस करना, जेल का परिवेश, अपनों की चिंता, सजामुक्त होने के बाद भविष्य को लेकर चिंता पर चर्चा करते हुए विभिन्न प्रकार के उपायों के माध्यम से हल करने के बारे में बताया, जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल, असर्टिवनेस टेक्निक, वेंटीलेशन टेक्निक, म्यूजिक थेरेपी द्वारा भी तनाव को कम करने के बारे में बताया गया। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच कर मानसिक रूप से तनावयुक्त बंदियों को आवश्यकतानुसार काउंसलिंग के लिये जिला अस्पताल लाने का भी सुझाव दिया।

उन्होंने आगे बताया: बंदियों को सजा मुक्त होने के बाद गलत संगति वाले लोगों के कारण फिर से गलत कार्यों की पुनरावृत्ति हो सकती है इस बात से होने वाले तनाव को कम करने के लिए असर्टिवनेस टेक्निक सिखाया गया। साथ ही सजा मुक्त होने के बाद अपनी और अपने परिवार का जीविकोपार्जन किस प्रकार किया जाए पर होने वाले तनाव को कम करने के लिए प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स दिखाया गया।

मेडिकल ऑफिसर मानसिक स्वास्थ्य डॉ. रचना पद्मावर ने कहा''मानसिक स्वास्थ्य को आसानी से पहचाना जा सकता है, व्यक्ति में अत्यधिक चिड़चिड़ापन कार्य में रुचि ना होना या अत्यधिक गुस्सा आना। मनः स्थिति स्थिर ना होने को दर्शाता है । मानसिक समस्या को हल करने के लिए जिला चिकित्सालय धमतरी में मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्पर्श क्लीनिक स्थापित किया गया है । किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या होने पर स्पर्श क्लीनिक में संपर्क किया जा सकता है । यहाँ पर व्यक्ति की जानकारी भी गुप्त रखी जाती है साथ ही निशुल्क इलाज भी होता है ।

कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे, सिविल सर्जन सह जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. यूएल कौशिक के निर्देशानुसार किया गया । कार्यशाला को सफल बनाने में जिला जेल धमतरी के जिला जेल अधीक्षक एनके डेहरिया का महत्वपूर्ण सहयोग रहा ।

माँ का हुआ विशेष श्रृंगार

0 माँ का हुआ विशेष श्रृंगार

नवरात्र के अंतिम दिन गाजे-बाजे के साथ हुआ जवारा का विसर्जन

गरियाबंद, (आरएनएस)। नौ दिन तक चले नवरात्र उत्सव का समापन मंगलवार को ज्योत जवारा विसर्जन के साथ हो गया। शहर के अलग-अलग मोहल्लों से महिला और पुरुष सफेद कपड़े पहनकर ज्योत और जवारा विसर्जन करने के लिए निकले। माता के भक्तों ने उन्हें भक्तिभाव के साथ विदा किया। माता के जसगीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए,नवरात्र नवमी पर सोमवार को दुर्गा पंडालों में सुबह से ही हवन पूजन शुरू हो गया था। देर रात तक दुर्गा पंडालों में हवन पूजन चलता रहा। वहीं अष्टमी पर बड़ी देवी मंदिर प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।मां के भक्त मुंह में बाना छिदवाकर दिवालों से जवारे विसर्जन के लिए लेकर निकले। महिलाएं, युवतियां बालिकाएं अपने सिर पर जवारे रखे निकलीं। शहर के देवी दिवालों से जवारे शीतला मंदिर धूमधाम से पहुंचे जहां पूजन अर्चन किया गया।12 बजे से विसर्जन के लिए लगी छिंद तलाब में श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित किया गया हजारों मनोकामना ज्योति जवारे कलश का विसर्जन दोपहर विशेष पूजा आरती के पश्चात 11 बजे मन्दिर प्रांगण से निकालकर समीप के छिंद तलाब में बड़े ही धार्मिक वातावरण के बीच किया जाएगा।जवारा जुलूस मन्दिर प्रांगण से निकलकर समूचे क्षेत्र का भ्रमण भी किया।

सिन्हा परिवार ने की कुलदेवी की पूजा: नवरात्र नवमी पर सिन्हा परिवार द्वारा कुल देवी बड़ी देवी माता की विशेष पूजा अर्चना की। जगदीश राम सिन्हा सहित समस्त परिवार के सदस्यों द्वारा अपने निवास स्थान में ही ज्वारा ज्योत की स्थापना किया गया था माँ शीतला की आरती पूजन कर प्रसाद चढाया और पूरे परिवार के साथ ज्वारा विसर्जन किया

पुलिस व्यवस्था रही दुरुस्त

जवारा जुलूस में किसी तरह की अव्यवस्था न हो जिसके लिए एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक ने कमान सँभाल रखा था और पूर्व से व्यापक बंदोबस्त कर जगह जगह चौक चौराहों पर पुलिस जवानों को तैनात किया था वही जुलूस में एस आई महिलांगे सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद रहे।

आटा गूंधा, थामा बेलन पाटा, खुद बेल - बेल कर छानते रहे पूरियां

दुर्गा पूजा में भोग भंडारा के लिए कवासी लखमा बन गए रसोईया

जगदलपुर,संवाददाता। अपने निर्वाचन क्षेत्र के एक दुर्गा पूजा पंडाल में छत्तीसगढ़ के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा का एक नया अवतार देखने को मिला.यह अवतार था रसोईये का. मंत्री ने खुद आटा गूंधा, बेलन - पाटा लेकर पूरियां बेलने लगे और कड़ाहे में तलकर निकालने भी लगे लखमा दादी. अपने विधायक और मंत्री के सादगी भरे इस नए अवतार को देख लोग उनके कायल हो गए।

यह अद्भुत दृश्य सुकमा जिले के छिंदगढ़ में देखने को मिला।

प्लेट मिल में हुई कीर्तिमानों की बारिश, 8 वर्ष पुराने रिकॉर्ड टूटे

डायरेक्टर इंचार्ज व ईडी (वर्क्स) ने दी बधाई

भिलाई, आरएनएस)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की बीएसपी के फिनिष्ड स्टील के उत्पादन को बढ़ाने के लिए रणनीतिक पहल को पूरा करने के लिए, प्लेट मिल बिरादरी ने ईडी (वर्क्स), अंजनी कुमार द्वारा निर्धारित चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को स्वीकार किया और प्लेट मिल बिरादरी ने अपने प्रयासों में तेजी लाते हुए मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आर के बिसारे के नेतृत्व में उत्पादन के 8 वर्ष पुराने कीर्तिमानों को पीछे छोड़ते हुए नए रिकॉर्ड बनाने में सफलता पायी। दिनांक 03 अक्टूबर, 2022 को प्लेट मिल ने 1040 स्लैब रोल कर दैनिक रोलिंग का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस नए कीर्तिमान के साथ 28 सितम्बर, 2014 को बनाए गए 822 स्लैब रोलिंग के दैनिक रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। इसके साथ ही प्लेट मिल ने 3 अक्टूबर, 2022 को द्वितीय पाली में 355 स्लैब रोल कर 28 सितम्बर, 2014 को बनाए गए 311 स्लैब रोलिंग के 8 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने में कामयाबी हासिल की।

इसी प्रकार 03 अक्टूबर, 2022 को प्लेट मिल ने 6250 टन फिनिष्ड प्लेट का उत्पादन कर 28 सितम्बर, 2014 को स्थापित 5921 टन फिनिष्ड प्लेट के पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए उत्पादन का एक और दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया।

इसके साथ ही द्वितीय पाली में 373 प्लेट फिनिष कर 31 मार्च, 2013 के प्रथम पाली में बनाए गए 360 प्लेट फिनिषिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया पाली रिकॉर्ड बनाने में सफलता पायी। इसके अतिरिक्त 1064 प्लेटस् फिनिष कर एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए 9 वर्ष पूर्व 31 मार्च, 2013 को 815 प्लेट फिनिषिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)